●वर्ष : 16 ●अंक : 186 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शनिवार 26 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स को किया गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी

**दिल्ली।** पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को पंजाब और आस-पास के राज्यों समेत देश भर के कई इलाकों से लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े सात शूटरों को गिरफ्तार किया। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात के साबरमती की जेल में बंद है। वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है। एडिशनल सीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुमार कुशवाह ने बताया कि स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सात शूटरों को गिरफ्तार किया है। पहली गिरफ्तारी 23 अक्टूबर को दिल्ली से हुई थी, रितेश की गिरफ्तारी हुई थी। राजस्थान से सुखाराम नाम के शख्स को गिरफ्तार



किया गया था। पंजाब के अबोहर और सिरसा से भी गिरफ्तारियां हुई हैं। एडिशनल सीपी स्पेशल सेल ने आगे बताया कि वे राजस्थान में सुनील पहलवान नामक व्यक्ति की हत्या की योजना बना रहे थे। उन्होंने दो बार रेकी भी की। उनके पास से एक जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस भी बरामद की गई है। उन्हें आरजे बिश्नोई से सीधे निर्देश मिल रहे थे, जो स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं, लेकिन वे अतीत में लॉरेंस सिंडिकेट का हिस्सा रहे हैं। लक्ष्य के मामा राजनीतिक पृष्ठभूमि से हैं और उनका व्यवसाय भी है। इसका अभी तक बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से कोई लेना-देना नहीं है। इससे पहले दिन में एनआईए ने लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। अनमोल पिछले अप्रैल में मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में कथित संलिप्तता के लिए एनआईए की जांच के घेरे में है और उसे एजेंसी की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया गया है। अनमोल द्वारा गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी लेने के बाद अप्रैल में उसके लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। लारेंस बिश्नोई, गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का एक बेहतरीन उदाहरण है। खतरनाक गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का हिस्सा बिश्नोई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कई हाई-प्रोफाइल मामलों में नामजद किया है, जिसमें प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से उसके कथित संबंध और पाकिस्तान से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में संलिप्तता शामिल है। 31 वर्षीय जेल में बंद गैंगस्टर पिछले हफ़्ते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी की हाई-प्रोफाइल हत्या का मामला है, जिसमें वह मुख्य संदिग्ध है। सिद्दीकी की मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा

गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# एलएसी पर भारत-चीन के सैनिकों की वापसी शुरू

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और चीनी सेना 28-29 अक्टूबर तक पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी कर लेंगी और गश्त 30-31 अक्टूबर से शुरू होगी। भारतीय सेना के सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि नवीनतम समझौते केवल देपसांग और डेमचोक के लिए लागू होंगे, अन्य स्थानों के लिए नहीं। यह समझौता अन्य टकराव वाले क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा। दोनों पक्षों के सैनिक अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में वापस आ जाएंगे और वे उन क्षेत्रों में गश्त करेंगे जहां उन्होंने अप्रैल 2020 तक गश्त की थी। नियमित ग्राउंड कमांडरों की बैठकें होती रहेंगी। सूत्र ने बताया कि गश्ती दल में सैनिकों की एक निश्चित संख्या की पहचान की गई है और किसी भी गलतफहमी से बचने के लिए हम एक-दूसरे को सूचित करेंगे कि हम कब गश्त करने जा रहे हैं। शेड या टेंट और सैनिकों जैसे सभी अस्थायी बुनियादी ढांचे को हटा दिया जाएगा। दोनों पक्ष क्षेत्र पर निगरानी रखेंगे। देपसांग और डेमचोक में गश्त बिंदु वे बिंदु होंगे जहां हम अप्रैल 2020 से पहले पारंपरिक रूप से गश्त करते रहे हैं। साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि चीन के साथ वार्ता में कोई लेन-देन नहीं हुआ। वर्तमान वार्ता में केवल पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक के लिए निर्णय लिए गए हैं। भारतीय सेना और चीनी सेना इस महीने के अंत तक अपने-अपने गश्त बिंदुओं तक गश्त शुरू कर देंगी। राजनयिक मेज पर भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के वातार्कारों और वरिष्ठ सैन्य कमांडरों के बीच गहन बातचीत के बाद भारतीय सेना और चीनी पीएलए दोनों द्वारा गश्त फिर से शुरू की जाएगी। गलवान में 15 जून, 2020 को हुए खूनी संघर्ष के बाद डब्ल्यूएमसीसी की 17 बार बैठक हुई और सैन्य कमांडरों ने सैनिकों की वापसी और गश्त फिर से शुरू करने के लिए 21 बार बैठक की। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा था कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा



(एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गयी है, जिसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### आदित्य ठाकरे के खिलाफ वर्ली से चुनाव लड़ेंगे मिलिंद देवड़ा

**महाराष्ट्र।** एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा को वर्ली विधानसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है, जिससे शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ कड़ी टक्कर होगी। देवड़ा ने एक्स पर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने लिखा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का मानना है कि वर्ली और वर्लीकर्स को न्याय मिलना बहुत पहले ही अपेक्षित था। हम साथ मिलकर आगे का रास्ता तैयार कर रहे हैं और जल्द ही अपना दृष्टिकोण साझा करेंगे। अब वर्ली है! इससे पहले दिन में, समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला शिवसेना गुट वर्ली विधानसभा चुनाव के लिए मिलिंद देवड़ा को मैदान में उतारेगा, एक दिन पहले शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने उसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। मिलिंद देवड़ा वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं और दक्षिण मुंबई से तीन बार सांसद रह चुके हैं। इससे पहले, उन्हें लोकसभा चुनावों के दौरान वर्ली को संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी। आदित्य का निर्वाचन क्षेत्र होने के बावजूद, वर्ली विधानसभा में यूबीटी को मात्र 6500 वोटों की बढ़त मिली। देवड़ा और आदित्य ठाकरे को मनसे के संदीप देशपांडे से भी निपटना होगा।

# प्रियंका गांधी का प्लान फ्लॉप रहा

## क्या अखिलेश यादव का फॉमुर्ला हो जाएगा सुपरहिट?

नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** गेस्ट हाउस कांड के बाद से ही समाजवादी पार्टी की छवि महिला विरोधी पार्टी की बन गई है. साल 1995 में सरकारी गेस्ट हाउस में बीएसपी चीफ मायावती पर हमला हुआ था. इसका आरोप समाजवादी पार्टी पर लगा था. उस समय मुलायम सिंह यादव यूपी के मुख्यमंत्री थे. इस घटना के 29 बरस पूरे हो चुके हैं लेकिन समाजवादी पार्टी से महिला विरोधी होने का ठप्पा नहीं हटा है.फिर मुलायम सिंह के उस विवादित बयान ने बवाल खड़ा कर दिया, " लड़कों से गलतियां हो जाती है". उनके इस बयान ने समाजवादी पार्टी का अब तक पीछा नहीं छोड़ा है.लेकिन अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी इस छवि को तोड़ने में जुटी है।

**PDA के फॉमूर्ले पर समाजवादी पार्टी**

उत्तर प्रदेश में उपचुनाव करीब हैं. ऐसे में समाजवादी पार्टी इन दिनों PDA के फॉमूर्ले पर चल रही है. जिसमें ढ का मतलब पिछड़ा और D का दलित है. PDA के अ को अखिलेश यादव कभी अल्पसंख्यक बताते हैं तो कभी अगड़े. अखिलेश यादव कई बार इसे आधी आबादी मतलब महिलाओं से जोड़ चुके हैं. कुल मिलाकर हालात ये हैं कि अखिलेश यादव को जब जो सूट करता है उसी हिसाब से उसका मतलब बताते हैं।





**›› उप चुनाव में सबसे ज्यादा महिला उम्मीदवार**

लेकिन यूपी में होने जा रहे उप चुनाव को लेकर उन्होंने अपना एजेंडा साफ कर दिया है. मिल्कीपूर को छोड़ कर विधानसभा की सभी नौ सीटों पर चुनाव हो रहे हैं. अखिलेश यादव ने इस बार 9 में से 4 सीटों पर महिला उम्मीदवार उतारे हैं. आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो ये एक तिहाई से भी ज्यादा है. जबकि बीजेपी ने 8 में से सिर्फ. 1 सीट पर महिला नेता को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी ने जिन 4 महिलाओं को टिकट दिया है, इनमें से 3 किसी न किसी नेता के परिवार के हैं. अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा चुनाव लड़ रही है. वह समाजवादी पार्टी सांसद लालजी वर्मा की पत्नी हैं. इसी तरह विधायक रहे इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को कानपुर के सीसामऊ से उम्मीदवार बनाया गया है. पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी ज्योति बिंद मिर्जापुर के मंझवा सीट से चुनाव लड़ रही हैं. इन सबके लिए ये पहला चुनाव है. सबसे दिलचस्प मामला चारू कैन का है. समाजवादी पार्टी का टिकट मिलने से पहले वह कांग्रेस में थीं. करीब पंद्रह दिनों पहले तक वह बीएसपी में थीं. लेकिन अखिलेश यादव ने उन पर भरोसा करते हुए उन्हें खैर से टिकट दिया है।

**›› महिला वोट बैंक पर अखिलेश की नजर**

पिछले लोकसभा चुनावों से ही अखिलेश यादव समाजिक समीकरण के लिहाज बदलाव की राह पर हैं. महिलाएं अब अलग तरीके से वोट कर रही हैं. उनका वोटिंग पैटर्न बदला है. महिला वोटरों ने कई चुनावों के नतीजे बदले हैं. नीतीश कुमार, नरेन्द्र मोदी से लेकर ममता बनर्जी, इनके बारे में कहा जाता है कि इन नेताओं ने इस ताकत को पहचाना है. अखिलेश यादव की नजर भी अब इस वोट बैंक पर हैं. दो साल बाद यूपी में होने वाले यूपी विधानसभा चुनावों के लिए अखिलेश अभी से इस मोर्चे पर जुट गए हैं. वैसे पिछले विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी का लड़की हूं, लड़ सकती हूं वाला फॉमूर्ला नहीं चला।

# हम सभी को स्वच्छ वायु और स्वच्छ आसमान के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने पड़ेंगे- धीरेंद्र सिंह

नूना न्यूज एजेंसी

25 अक्टूबर 2024 को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित किए जाने को लेकर आहुत की गई बैठक में कहे। इस बैठक में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ महेश शर्मा और पर्यावरण वन और जलवायु, परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बढ़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि "वायु प्रदूषण की वजह से, जो स्थिति उत्पन्न हो रही है, उससे हमारी उम्र के साथ-साथ हमारे दैनिक कार्य करने की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है।" जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि "उत्तर प्रदेश यद्यपि वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य की तरफ बढ़ रहा है, जिसके लिए विकास की आवश्यकता होगी, लेकिन विकास ऐसा होना चाहिए, जिसमें प्रदूषण रोकने के उपाय भी शामिल हों। हम दूरगामी सोच के साथ बढ़ते वायु प्रदूषण को जन जागरण के माध्यम से कहीं हद तक कंट्रोल कर सकते हैं। जेवर से विधायक धीरेन्द्र सिंह ने पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन के प्रमुख सचिव मनोज सिंह से कहा कि "लगातार खराब होते वायु प्रदूषण को कंट्रोल किए जाने को लेकर शीघ्र एक कार्य





योजना तैयार की जाए। आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में वृद्धि होगी, जिससे लोगों में फेफड़ों की गंभीर बीमारियां उत्पन्न होगी।" जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने इस संबंध में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना को बढ़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक को रोके जाने हेतु एक पत्र भी प्रेषित किया, जिसे इस प्रेस विज्ञप्ति के साथ संलग्न किया जा रहा है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डा. रविंद्र प्रताप सिंह, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की एसीईओ लक्ष्मी वीएस, आशुतोष द्विवेदी, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी जनपद बुलंदशहर चंद्र प्रकाश सिंह, डीएफओ प्रमोद श्रीवास्तव, खनन अधिकारी जनपद गौतमबुद्धनगर, यूपीसीडा गाजियाबाद और नगर पालिका परिषद गाजियाबाद और बुलंदशहर, नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के जीएम एसपी सिंह, क्षेत्रीय परिवहन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सोमनाथ मंदिर के पास की विवादित जमीन पर रहेगा गुजरात सरकार का कब्जा

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात के सोमनाथ मंदिर के पास औलिया ए दीन मस्जिद और कब्रगाह की विवादित जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल गुजरात सरकार का ही कब्जा बने रहने पर सहमति जताई है. सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कोई अंतरिम आदेश देने से इनकार किया है, लेकिन कहा है कि गुजरात हाईकोर्ट इस मामले में आगे बढ़ सकता है। विवादित जमीन पर बुलडोजर कार्रवाई से डिमोलिशन को चुनौती देने वाली औलिया-ए-दीन कमेटी की याचिका पर सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार की तरफ से सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस भूषण आर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ को आश्वस्त किया कि जमीन अभी सरकार के कब्जे में रहेगी और जमीन किसी तीसरे पक्ष को नहीं दी जाएगी।



### संरक्षित स्मारक को गिराने का आरोप

सुप्रीम कोर्ट ने रःऋतुषार मेहता की इस अंडरटेकिंग को रिकॉर्ड पर लिया है. साथ ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कोई आदेश जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल और हुजैफा अहमदी ने आरोप लगाया कि संरक्षित स्मारक को भी गिरा दिया गया है. उन्होंने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई होने से ऐन पहली रात को ही तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई है।

### सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश : गुजरात सरकार

उन्होंने कहा कि उस जमीन का आवंटन 1903 में हमारे नाम पर हुआ है और एक स्मारक को तो प्राचीन स्मारक घोषित किया गया है. यह वक्फ में भी रजिस्टर्ड है. उसे भी गिराया गया है। गुजरात सरकार ने आरोप लगाया कि इस मसले को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है. यह मामला अतिक्रमण का है. इस जमीन के रजिस्ट्रेशन का दावा भी गलत है. हमने इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में भी जवाब दिया है. पांच महीने पहले अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया गया था. उन्होंने कहा कि यह जमीन गुजरात सरकार की है।

## गिर सोमनाथ में तोड़ी गई मस्जिदों और दरगाहों की जमीन किसी तीसरे पक्ष को आवंटित नहीं की जाएगी: सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, सरकार ने दिया लिखित आश्वासन

### एकतरफा धार्मिक अस्थालों को गिराने से मुसलमानों की भावनाएं आहत हुई हैं": मौलाना महमूद असद मदनी

**25 अक्टूबर 2024:** गुजरात के गिर सोमनाथ बुलडोजर एक्शन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज जमीअत उलमा गुजरात और औलिया-ए-दीन कमेटी की याचिका (एसएलपी (सी) नंबर 24515/2024) पर सुनवाई हुई, जिसमें नौ मस्जिदों और दरगाहों को ढहाए जाने का मुद्दा उठाया गया। अदालत ने इस मामले की गंभीरता को महसूस की, बताते चलें कि मौजूदा समय में एक साथ इतनी धार्मिक अस्थानों को एक साथ कहीं नहीं तोडा गया। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के आश्वासन को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि अगली सुनवाई तक यह जमीन सरकार के पास रहेगी और इसे किसी तीसरे पक्ष को आवंटित नहीं किया जाएगा। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की बेंच ने की। कोर्ट में उस समय सन्नाटा छा गया जब कपिल सिब्बल और अन्य वकीलों ने अदालत के समक्ष यह तर्क रखा कि इन प्राचीन उपासना स्थलों को जानबूझकर निशाना बनाया गया है जबकि वहां मौजूद मंदिर को छोड़ दिया गया। कपिल सिब्बल ने इस कार्रवाई को साम्प्रदायिक बताते हुए कहा कि मस्जिदों और दरगाहों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की गई है, जो अत्यंत निंदनीय है। अन्य वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल के पास 1903 की दस्तावेज हैं जो इस भूमि के वक्फ होने का प्रमाण हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्राचीन उपासना स्थलों को बिना पूर्व सूचना के रातों-रात ढहा दिया गया, जो कानून का उल्लंघन है। कपिल सिब्बल के तर्क पर टिप्पणी करते हुए जस्टिस गवई ने मौखिक रूप से कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो अदालत इन उपासना स्थलों को फिर से बहाल करने का भी आदेश दे सकती है। कपिल सिब्बल ने बेंच का ध्यान 2015 में जिलाधिकारी द्वारा जारी एक आदेश की ओर दिलाया, जिसमें कहा गया था कि विवादित जमीनें केवल सरकारी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जा सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा प्रयास उन जमीनों को किसी तीसरे पक्ष को आवंटित करने का है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वे यह बयान देने के लिए तैयार हैं कि इसे किसी को आवंटित नहीं किया जाएगा। उनके बयान को रिकॉर्ड में लेते हुए बेंच ने कहा कि यदि ऐसा है तो इस संदर्भ में हमें कोई अतिरिक्त अंतरिम आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है। अगली सुनवाई 11 नवंबर को निर्धारित की गई है। अदालत में जमीअत की ओर से जो वकील पेश हुए उनमें कपिल सिब्बल, हुजैफा अहमदी, एजाज मकबूल, ताहिर हकीम और साकिब अंसारी शामिल थे। इस अवसर पर जमीअत उलमा गुजरात के महासचिव प्रोफेसर निसार अहमद अंसारी और अन्य प्रमुख पदाधिकारी ओवैस भाई शेखानी, तबरेज भाई भी अदालत में मौजूद थे। इस मामले में हाजी आसिफ खांडा, गयासुद्दीन पूर्व विधायक, नुसरत पांजा और वीरावल पाटन मुस्लिम समाज का भी बड़ा योगदान रहा है। अदालत की आज की प्रगति पर जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि प्राचीन धार्मिक स्थल हमारे देश की संस्कृति और विरासत का हिस्सा हैं, जिन्हें सुरक्षित रखना आवश्यक है। मौलाना मदनी ने कहा कि सौराष्ट्र में जो कुछ हुआ है, उससे पूरे देश में मुसलमानों की भावनाएं आहत हुई हैं। सरकारों को किसी का भी घर इस तरह नहीं गिराना चाहिए कि वह न्याय के बजाय अत्याचार की श्रेणी में आ जाए। धार्मिक स्थलों का मामला और भी संवेदनशील है। जमीअत उलमा गुजरात के महासचिव प्रोफेसर निसार अहमद अंसारी ने कहा कि हमने 1 अक्टूबर को इस ध्वंस के खिलाफ गुजरात उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, ध्वंस की कार्रवाई 28 सितंबर को की गई थी। लेकिन सरकार इस जमीन को किसी तीसरे पक्ष को न दे दे जिससे इसकी पुनः प्राप्ति कठिन हो जाए, इसी चिंता से हम सुप्रीम कोर्ट आए हैं।

**नियाज अहमद फारूकी**
**सचिव, जमीअत उलमा-ए-हिंद**

## छोटे ट्रांसपोर्टर्स की डूबती रोजी-रोटी: सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग

### छोटे ट्रांसपोर्टर्स ने दी देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी




**नई दिल्ली:** देशभर में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े छोटे कारोबारियों और सिंगल मोटर मालिकों की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। इसके चलते हजारों परिवार भूखमरी की कगार पर आ खड़े हुए हैं। इस विकट स्थिति को देखते हुए, देश के छोटे ट्रांसपोर्टर्स और सिंगल मोटर मालिकों के संगठन दिल्ली एनसीआर ट्रांसपोर्ट एकता मंच के महासचिव श्याम सुन्दर ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य रूप से हम तीन प्रमुख मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे है। प्रेस वार्ता में दिल्ली एनसीआर ट्रांसपोर्ट एकता मंच के अध्यक्ष हरीश ग्रोवर, सचिव दिनकर सिंह, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश एवं एडवोकेट डॉ चंद्रा राजन, एडवोकेट चरणजीत सिंह, डीसी कपिल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नोएडा में पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन।



**नोएडा, 25 अक्टूबर 2024 (एजेंसी)।** दिल्ली से सटे नोएडा में आज पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जेआईटीएम स्किल प्रा.लिमिटेड की ओर से आयोजित इस वर्कशॉप का उद्घाटन सुप्रसिद्ध शिक्षाविद प्रो.योगेश कुमार ने की। इस मौके पर आयोजक श्रीमती पारुल मित्तल मौजूद थीं।वह अभी तक दो दर्जन से अधिक वर्कशॉप आयोजित कर चुकी हैं। प्रो. कुमार ने सहभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत पेंटिंग के क्षेत्र में अग्रणी है। हमारे यहां की पेंटिंग की विदेशों में काफी डिमांड है। उन्होंने कहा कि मधुबनी पेंटिंग खास महत्व रखता है। एल.एस

## राज्य स्तरीय राष्ट्रीय समूह गायन में माइलस्टोन स्कूल रहा प्रथम




पुरस्कार प्राप्त करते हुए छात्र-छात्राएं।

**कैथल :** द माइल स्टोन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने राज्य स्तरीय ज्ञान प्रतियोगिता में अपनी कला को प्रदर्शित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस गायन प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रिंसिपल अतुल शर्मा ने बताया कि कक्षा नौवीं से गौरव, दसवीं से प्रतिभा, 11वीं से रिदम, 12वीं से गीतिका, प्रियांशी, सारंग ने कड़ी मेहनत को दशार्ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। ये सभी विद्यार्थी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए काफी उत्साहित हैं। कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय समूह गायन प्रतियोगिता कला उत्सव 2024 में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए हमारे गायकों के साथ-साथ अध्यापक समूह को बहुत-बहुत शुभकामनाएं क्योंकि उनकी कड़ी मेहनत और बच्चों के प्रति समर्पण भावना काफी प्रेरणादायक है। निर्देशिका सुलोचना शर्मा, ने इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ हमारे गायन क्लब टीम विश्वजीत, राजेश, आसिफ और बच्चों के माता-पिता, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और उनके आने वाले सुनहले भविष्य की भी कामनाएं की।

## आदर्श स्कूल जाखौली में ओपी शर्मा के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम




कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

· गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य ओपी शर्मा के नेतृत्व में साम्प्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को एकता, शांति और सद्भावना के महत्व से परिचित करवाना था। जो देश की प्रगति और समृद्धि के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानाचार्य ने कहा साम्प्रदायिक सौहार्द हमारे समाज की नींव है। हमें इसे हर कीमत पर बनाए रखना चाहिए और छात्र-छात्राओं को इसके महत्व से अवगत करवाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि कैसे विभिन्न धर्मो और संस्कृतियों के बीच आपसी सम्मान और भाईचारे से राष्ट्र मजबूत होता है। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से एकता और सौहार्द का संदेश दिया। स्कूल के शिक्षकों ने भी छात्र छात्राओं को साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके अंत में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर सौहार्द बनाए रखने की शपथ ली।

## दिल्ली में हॉटस्पॉट पर प्रदूषण के कारकों की पहचान के लिए पहली बार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई ड्रोन मॉनिटरिंग



**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर 2024 में हॉटस्पॉट जोन के प्रदूषण के कारकों की पहचान के लिए दिल्ली में पहली बार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ड्रोन से मॉनिटरिंग कराई गई। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के 13 हॉट-स्पाट पर प्रदूषण का स्तर सामान्य से ज्यादा होता है। इन हॉट-स्पाट पर प्रदूषण के कारकों को प्रभावी ढंग से कम करने के लिए शुक्रवार सर्वे आफ इंडिया के एक सूचीबद्ध एजेंसी के द्वारा वजीर पुर हॉट-स्पाट पर ड्रोन मैपिंग की गई। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य टेक्नोलाजी के आधुनिकीकरण का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग प्रदूषण को दूर करने में किया जाए। अभी हमने पायलट प्रोजेक्ट के तहत वजीपुर हॉट-स्पाट पर ड्रोन मैपिंग कारवाई है। यह ड्रोन 120 मीटर की ऊचाई से 200 मीटर की रेडियस में प्रदूषण के विभिन्न स्त्रोतो की जानकारी पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी को भेजेगा। पर्यावरण एवं डीपीसीसी के इंजीनियर इसका विश्लेषण करके रिर्पोट हमें सौपेंगे और उस आधार पर और ज्यादा प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अगर यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहता है तो हम अन्य हॉट-स्पाट पर भी इसे लागू करेंगे। गोपाल राय ने आगे कहा कि सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितंबर को 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की सरकार द्वारा घोषणा की गई थी।इस विंटर एक्शन प्लान के तहत प्रमुख पहलों में से एक ड्रोन तकनीक का उपयोग करके हॉटस्पॉट पर प्रदूषण की निगरानी करना है । हमने दिल्ली में 13 हॉटस्पॉट चिन्हित किए हैं, जहां अधिक प्रदूषण होता है। पहली बार इन हॉट स्पॉट्स पर पर्यावरण विभाग द्वारा ड्रोन से प्रदूषण की निगरानी के लिए आज पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आज वजीरपुर हॉटस्पॉट में ड्रोन मैपिंग की डेमोंस्ट्रेशन की गयी। ड्रोन के माध्यम से प्रदूषण के स्त्रोतों का पता लगाया जाएगा और उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। गोपाल राय ने बताया कि शहर में वायु प्रदूषण स्त्रोतों की पहचान करने में ड्रोन मैपिंग तकनीक एक महत्वपूर्ण उपकरण है। उन्नत सेंसर से लैस ड्रोन भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और उन क्षेत्रों तक पहुंचने में सक्षम हैं, जहां पारंपरिक तरीकों से निगरानी करना मुश्किल है। ड्रोन की तैनाती प्रदूषकों के फैलाव को बेहतर ढंग से समझने और नियमों का उल्लंघन करने वाले अनधिकृत औद्योगिक संचालन या निर्माण स्थलों जैसे महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट की पहचान करने में सक्षम बनाती है। ड्रोन के माध्यम से एकत्र किया गया डेटा प्रदूषक स्त्रोतों की सटीक पहचान करेगी, जिससे लक्षित कार्रवाई संभव होगी।

## द्वारका सेक्टर-19 में बनेगा विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस शानदार सरकारी स्कूल, सीएम आतिशी ने किया शिलान्यास




**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर 2024 सरकार मटियाला विधानसभा के द्वारका सेक्टर-19 में विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस शानदार स्कूल बनाएगी। शुक्रवार को सीएम आतिशी ने इसका शिलान्यास किया। उल्लेखनीय है कि, ये स्कूल 104 कमरें, 6 अत्याधुनिक लैब, लाइब्रेरी, लिफ्ट, शानदार एम्फीथिएटर, बास्केट बॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट से लैस होगा। स्कूल सालभर में बनकर तैयार हो जाएगा और अंबरहई, कुतुब विहार, सरिता विहार, पोचमपुर, भगत सिंह एनक्लेव सहित आसपास के हजारों बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास एजुकेशन हब बनेगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक गुलाब सिंह 'मटियाला' व अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्लीवालों ने अगर केजरीवाल को वोट नहीं दिया तो आगे से उनके बच्चों की शिक्षा पर कोई काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि, दिल्ली के बच्चों का भविष्य अब दिल्लीवालों के हाथ में है; उन्हें शिक्षा पर काम करने वालों को चुनना है या जात-पात की राजनीति करने वालों को चुनना है।

**मटियाला विधानसभा के द्वारका सेक्टर-19 में नए स्कूल का शिलान्यास करने पहुंची सीएम आतिशी**

कार्यक्रम में सीएम आतिशी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सीएम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और नारियल फोडकर नए स्कूल की नींव रखी। इस दौरान उन्होंने नाम गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नाम पट्टिका का अनावरण किया। सीएम ने नई बिल्डिंग के मॉडल को भी देखा और अफसरों से बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जाना।

**दिल्ली के बड़े प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ेगा द्वारका सेक्टर-19 का स्कूल**

सीएम आतिशी ने कहा कि, आज हम जिस स्कूल का शिलान्यास कर रहे है, ये दिल्ली और द्वारका के सबसे बड़े प्राइवेट स्कूलों को भी पीछे छोड़ देगा। इस बिल्डिंग में 104 कमरे, 6 अत्याधुनिक लैब्स, लाइब्रेरी, एक्टिविटी रूम, 2 लिफ्ट के साथ-साथ एक 750 लोगों की क्षमता वाला एम्फीथिएटर भी होगा। जो शायद दिल्ली के बड़े प्राइवेट स्कूलों में भी नहीं होता है। स्कूल के अंदर स्पोर्ट्स की शानदार फैसिलिटीज होगी। इसमें प्ले ग्राउंड, बास्केट बॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट होगा।

## महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षकों का धरना तीसरे दिन भी जारी




धरने पर बैठे शिक्षक व छात्र।

**कैथल :** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में आधुनिक विषयों को पूर्व की भांति शास्त्री पाठ्यक्रम में माइनर विषयों की सूची में शामिल करने एवं अन्य महत्वपूर्ण मांगों हेतु धरना तीसरे दिन भी जारी रहा, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक कोई सुध नहीं ली। आज अष्टमी के व्रत के दिन भी महिला शिक्षिका डॉ. सुमन और पूनम धरने पर बैठी रहीं। आज के धरने में विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। छात्रों ने बताया कि कुछ शिक्षक उन्हें धरने पर बैठने से रोकने के लिए धमका रहे हैं और परीक्षा में फेल करने या असाइनमेंट में अंक कम देने की धमकी दे रहे हैं। प्रशासन अब भी छात्रों को धमकाकर शांत करने की नीति अपना रहा है, लेकिन छात्र अपने भविष्य के लिए डटे हुए हैं। टीक गांव के पूर्व सरपंच विक्रम कई ग्रामीणों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और समस्याओं और मांगों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और वह आसपास के अन्य गांवों के सरपंचों के साथ बैठक कर इसे जोर-शोर से उठाएंगे और छात्रों के भविष्य के लिए धरने को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## महाराष्ट्र में कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी, इनमें से कांग्रेस जीत सकती है 40 से अधिक सीटें

**महाराष्ट्र।** विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद पूरे देश की नजरें अब सीटों के बँटवारे और प्रत्याशियों के चयन पर टिकी हुई है। महाराष्ट्र के लिये कांग्रेस पार्टी ने 48 प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी की है। कांग्रेस की पहली सूची को लेकर हर तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। लोग इसे अधिकतम सीटें जीतने की कांग्रेस की सफल रणनीति बता रहे हैं।

* महाराष्ट्र के लिये कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची में 5 महिलाओं, 5 एसटी एवं 3 एससी समेत 35 सीटें सामान्य वर्ग को दी गई है।

* कांग्रेस की पहली सूची देखने के बाद चुनावी रणनीतिकारों ने इसे कांग्रेस का बेहद सूझबूझ और परिपक्वता भरा कदम बताया है।

* कांग्रेस ने पहली सूची में सर्वे रिपोर्ट के अतिरिक्त वरीयता, क्षेत्रीय संतुलन, जनता की पसंद और जीत की संभावना को प्रमुख आधार बनाया है।

* जानकार बता रहे हैं कि कांग्रेस की पहली सूची में शामिल 48 नामों में से कांग्रेस 40 अधिक सीटों पर जीत दर्ज कर सकती है।

* कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद किसी भी तरह के विरोध या बागी सुर भी कहीं से सुनाई नहीं दिये हैं।

* कांग्रेस की पहली ही सूची के बाद बीजेपी, अजीत पवार और शिंदे खेमें में भय का माहौल नजर आ रहा है।

* कांग्रेस ने देवेंद्र फणनवीस को उनके ही क्षेत्र में समेट दिया है। इसी तरह से कांग्रेस ने बीजेपी और शिंदे की पूरी सेना को रौंदने की खास रणनीति के तहत टिकट बाँटे हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जिस तरह से पूरे संयम और सूझबूझ के साथ कदम रख रही है, पूरी बीजेपी, शिंदे और अजीत पवार के लिये ये बेहद चिंताजनक संकेत है। कांग्रेस रणनीतिकारों की मानें तो कांग्रेस पार्टी का गठबंधन महाराष्ट्र में केवल श्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं बल्कि प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के इरादे से आगे बढ़ रहा है।

## लाजपत राय सिंगला को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान



लाजपत सिंगला को सम्मानित करते हुए।

कैथल, अक्तूबर : गोपाल किरण समाजसेवी संस्था विंध्य विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शोध सेमिनार व अवार्ड समारोह में कैथल निवासी पर्यावरण प्रेमी लाजपत राय सिंगला को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संदीप कुलश्रेष्ठ, डॉक्टर राम पूर्णिमा शर्मा, निशा खुराना उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद सभी शख्सियतों को मंच पर बारी बारी बुलाकर अतिथियों ने अपने हाथों से सम्मानित किया। बता दें कि कैथल के निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले समाजसेवी लाजपत राय सिंगला जीवन में कई विपरीत परिस्थितियों के बावजूद 1998 से लेकर आज तक लगातार सामाजिक कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर निशा खुराना, पुष्पा रानी, जसबीर कौर, कुलदीप, राम शर्मा, जापान टोक्यो से संजीव साजिदा, रघुवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## कोई व्यक्ति नशे की दलदल में न फंसे : डा. अशोक वर्मा



नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए डा. अशोक वर्मा।

कैथल, अक्तूबर : हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह और पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के निर्देश पर ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा कुरुक्षेत्र से साइकिल पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पबनावा पहुंचे और 88वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। विद्यालय के प्राचार्य नरसी सगवाल और शिक्षक राम निवास की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में 470 विद्यार्थियों एवं 10 शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशे के कारण मनुष्य मानव से दानव बन जाता है। भारत सरकार द्वारा नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट 1985 के अंतर्गत अफीम, चरस, गांजा, भांग, हीरोइन, स्मैक, चिट्टा, नशे की गोलियां और नशे के टीके आदि पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है। उन्होंने पूर्ण विवरण सहित इनके दुगुर्णो के बारे चर्चा करते हुए कहा कि इनका उत्पादन, निर्माण, सेवन, क्रय विक्रय आदि दंडनीय अपराध है। उन्होंने गायन और कविता के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरूक किया और कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

## पालाराम सैनी ने दो ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से नवाजा



खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देते हुए पाला राम सैनी।

**हरित, कैथल :** शहर के प्रमुख समाजसेवी पालाराम सैनी ने कैथल के दो ताइक्वांडो खिलाडि?ों को राष्ट्रीय स्तर पर जीतने पर बधाई दी और उनको सम्मानित किया। पालाराम सैनी ने अपने निवास स्थान पर खिलाड़ी आरती और गौरव की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें 11500 रुपये देकर सम्मानित किया। पालाराम सैनी ने बताया कि ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में जीते हैं और 24 अक्टूबर को बहरीन देश में इंटरनैशनल स्तर पर खेलने के लिए रवाना हो रहे हैं। खिलाडि?ों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए रवाना करने से पहले पालाराम सैनी ने इन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पालाराम सैनी ने कहा कि वे समय-समय पर खिलाडि?ों की मदद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाडि?ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए जो अपने देश का नाम ऊंचा करते हैं।

## डिवाइडर पर लाइट न होने से लोगों में रोष

**राजौंद :** यहां मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर पर लाइट न होने से लोगों में रोष प्रकट किया। लोगों ने कहा कि 4 वर्ष पूर्व डिवाइडर बनाया गया था लेकिन आज तक भी डिवाइडर पर लाइटें लगाने की जहमत संबंधित विभाग ने नहीं उठाई। आए दिन जहां घटना होती हैं वहीं राजौंद की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। नागरिक कुलदीप, सोहनपाल, कंवरपाल, रमेश, राजकुमार, कुलदीप, श्याम राणा ने कहा कि नगर के मुख्य मार्ग पर डिवाइडर बने 4 वर्ष बीत गए लेकिन आज तक भी लाइटें लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई जिससे लोगों के साथ साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी होती है। यहां तक कि अभी तक डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर टेपतक लगाने की जहमत नहीं उठाई गई जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लाइट लगानी तो दूर की बात डिवाइडर के बीच में छोड़े गए कटों को भी आज तक ठीक नहीं किया गया जिससे लोगों में भारी रोष हैं। इस मार्ग से हर रोज दुर्घटना होने के साथ साथ लोगों को भी परेशानी हो रही है।

## आईजी कॉलेज की छात्राओं ने जोनल यूथ फेस्टिवल में लहराया परचम

### 16 इवेंट्स में जीतकर मनवाया प्रतिभा का लोहा



ट्रॉफी के साथ कालेज स्टाफ व छात्राएं।

कैथल, अक्तूबर : इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय कैथल की छात्राओं ने आरकेएसडी कालेज में हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव में 19 इवेंट में भाग लिया व 16 इवेंट में जीत हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने बताया कि यूथ फेस्टिवल के पहले दिन के परिणाम इस तरह रहे। नवजोत और प्रियंका ग्रुप ने हरियाणवी पॉप सांग में पहला स्थान, आरजू और प्रियंका ग्रुप ने हरियाणवी लोकगीत में द्वितीय स्थान एवं ऑन दी स्पॉट पेंटिंग में कोमल ने पहला स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में रवीना ने पहला स्थान, रंगोली में सीमा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। दूसरे दिन हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग में आरजू एंड प्रियंका ग्रुप ने दूसरा स्थान, क्ले मॉडलिंग में रवीना ने प्रथम, मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया ने पहला व कोलाज मेकिंग मे कोमल पहले स्थान पर रही। संस्कृत डेक्लामेशन मे रूबल शर्मा ने दूसरा स्थान व डिबेट अगेंस्ट में नव्या ने दूसरा स्थान तथा डिबेट फेवर में अक्षिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम दिन बीएमसी प्रथम वर्ष की छात्रा महक ने फोटोग्राफी में प्रथम स्थान, ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न में नवजोत एंड सलोनी ग्रुप ने दूसरा स्थान, वेस्टर्न वोकल सोलो में नवजोत ने तीसरा स्थान व इंस्टॉलेशन में कोमल एंड सीमा ग्रुप ने दूसरा स्थान हासिल किया। खुरानिया ने बताया कि इस 47वें जोनल यूथ फेस्टिवल में आईजी कॉलेज पूरे जोन में दूसरे स्थान पर रहा तथा कमर्शियल आर्ट विभाग द्वारा ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा किया गया। उन्होंने सभी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर सायंकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर व स्टाफ सदस्यों से हेमलता, राजिंदर कुमार सैनी, धर्मवीर, डॉ. सिलेंद्र, अरुणा, मोनिका, दीपशिखा, नवनीत, छवि व शगुन इत्यादि उपस्थित रहे।

## पीएनबी ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग में नि:शुल्क शिविर 4 से




गांव ग्योंग में स्थित संस्थान।

**कैथल :** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग में निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 4 नंबर से शुरू किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण शिविर में फास्ट फूड स्टॉल, उद्यमी गैर आवासिया कोर्स करवाए जाएंगे जिनकी अवधि 10 दिन की होगी। जानकारी देते हुए संस्थान के निर्देशक धर्मेंद्र कथूरिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में पुरूष एवं महिलाओं का निशुल्क पंजीकरण किया जा रहा है।

# त्रिमूर्ति शेष धाम पर चल रहे यज्ञ में कल्कि धाम मंदिर निर्माण के लिए आज डाली जाएंगी आहूतिया



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के हसनपुर लिंक मार्ग पर मछरई गेट के निकट स्थित त्रिमूर्ति शेष धाम आश्रम पर आज यानी शनिवार को संभल के एचौड़ा कॉम्बोह धाम में भगवान कल्कि अवतार भगवान क्लिक जी के भव्य एवं विशाल मंदिर के निर्विघ्न निर्माण के लिए किए जा रहे यज्ञ में आहुतियां डाली जाएगी, बता दें कि 21 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक आयोजित की जा रहे महारास लीला में श्री कृष्णा लीला का प्रसंग देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है, श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास अध्यक्ष सप्त ऋषि अखाड़ा परिषद के त्रिमूर्ति शेष धाम आश्रम पर कार्तिक महोत्सव 2024 के अंतर्गत कल्कि धाम निर्माण को समर्पित नवग्रह महायज्ञ चल रहा है, जिसमें संतो के सानिध्य में महारास का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में शुक्रवार को महारास के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण की लीला का मंचन वृंदावन से आए बाल कलाकारों द्वारा किया गया, जिसे देख उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए, इस संबंध में महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास जी ने बताया कि यह कालिक धाम निर्माण को समर्पित नवग्रह महायज्ञ है जो 29 अक्टूबर तक चलेगा उन्होंने बताया कि शनिवार एवं रविवार को महायज्ञ में आहुतियां दी जाएगी तथा महारास का कार्यक्रम भी चलता रहेगा, एवं 29 अक्टूबर को पूर्ण आहूती के बाद भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, तथा कार्यक्रम समापन हो जाएगा, इस मौके पर युवा नेता रोबिन त्यागी,आचार्य मदन शर्मा हरनाम दास जी, चरणदास जी, आश्रम ट्रस्ट के प्रबंधक पिंटू चौहान, जितेंद्र गुर्जर, सुनील चौहान, बृजपाल सिंह यादव आदि सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष भक्तगण मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को आदर्श नगर पालिका परिषद हसनपुर के वार्ड नंबर 4 एवं वार्ड नंबर 5 में लगभग 22 लख रुपए से अधिक की कीमत की सड़कों का पालिका अध्यक्ष ने निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया, वही इस संबंध में आदर्श नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि आदर्श नगर पालिका घोषित होने के बाद हसनपुर में विकास कार्यों की बाढ़ आ गई है, उन्होंने बताया कि नगर में डेढ़ करोड़ से अधिक की कीमत से समस्त गली मोहल्ले की सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा, उन्होंने बताया कि आदर्श नगर पालिका घोषित होने के बाद हसनपुर में विभिन्न विकास कार्य को गति दी जा रही है जिनकी रूपरेखा तैयार की जा रही है उन्होंने बताया कि नगर में विकास कराकर नगर पालिका को और भी ऊंचाइयों पर ले जाना है, इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, सभासद नितिन सैनी, सभासद राजपाल सैनी, मोहसिन लोधी, दीपक सिंह, विक्रम महंत, संजीव सैनी, बाबू करन सिंह आदि मौजूद रहे।

# रा0 मा0 एवं आरटीआई के अनुपम त्यागी जिला अध्यक्ष व मोहित त्यागी जिला सचिव मनोनीत



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर के रहरा संभल बायपास मार्ग स्थित सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई के जिला अध्यक्ष पद पर अनुपम त्यागी को मनोनीत किया गया, वहीं जिला सचिव के पद पर मोहित त्यागी को मनोनीत किया गया, राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट जी की संतुति पर प्रदेश अध्यक्ष अतुल गर्ग द्वारा दोनों ही पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई, वही संगठन के हित में कार्य करने व संगठन से लोगों को जोड़ने की उनसे आशा जाताई गई, इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए अभियान चलाकर आवाज बुलंद करें, प्रदेश अध्यक्ष अतुल गर्ग ने कहा कि संगठन के द्वारा सेवा कार्य किया जा रहा है, तथा लोगों की सहायता के लिए हमारा संगठन हमेशा तत्पर है, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने संगठन विस्तार पर बल दिया,इस मौके पर नव मनोनीत जिला अध्यक्ष अनुपम त्यागी ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को मैं निष्ठा पूर्वक एवं ईमानदारी के साथ निभाऊंगा, वही समीक्षा बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट ने की तथा संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता टेकचंद राणा द्वारा किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता टेकचंद राणा, राष्ट्रीय सहमीडिया प्रभारी प्रवीण अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अतुल गर्ग, विजय पारछा, सरदार हरिश्चंद्र, श्रीमती रजनी, संजय सिंह, नीरज शर्मा आदि सहित दर्जनों संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाज के उत्थान एवं युवाओं को सही राह दिखाने के लिए महासम्मेलन जरूरी: ओविंद्र पोसवाल



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन कताओं ने जनसंपर्क कर लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती समारोह पर 27 अक्टूबर 2024 को हसनपुर के सुखदेवी इंटर कॉलेज ग्राउंड में हो रहे गुर्जर महासम्मेलन को लेकर गांव गांव जाकर जनसंपर्क किया एवं महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए बड़ों का आशीर्वाद लिया इस दौरान ग्राम ईसापुर शार्की, गंगाकोला ,माटीपुरा, फूलपुर हैदलपुर ,शाहबाजपुर , मेहरपुर गुर्जर ,सिरसा , तरौली व दर्जनों गांव में जनसंपर्क किया, समाज के सरदारों से एवं युवा साथियों से महासम्मेलन को सफल बनाने का अनुरोध किया तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में महासम्मेलन में पहुंचने की अपील की । इस अवसर पर ओविंद्र पोसवाल जी ने कहा कि हम समाज के लिए हमेशा तैयार हैं, हमें लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की तरह जैसे पटेल साहब ने खंड-खंड से अखंड भारत बनाया इस प्रकार हमारे समाज को भी एकजुट होना जरूरी है तभी समाज एवं युवा वर्ग सही दिशा में चलेगा तो समाज आगे बढ़ेगा तथा श्री पोसवाल ने 27 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम के बारे में लोगों को समझाया, वही इस संबंध में विवेक कटारिया ने बताया कि समाज के जिस भाई, बहन के 10 वी और 12 वी में 80% या उससे अधिक अंक है एवं जो भी युवक, युवती 2024 में सरकारी नौकरी पर चयनित हुआ है, उसे महासम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा, उसके लिए समाज के बच्चों को अपनी मार्कशीट या जॉइनिंग लेटर व्हाट्सएप करना होगा ताकि सम्मानित होकर नव युवक युवती प्रेरणा लेकर समाज का नाम रोशन कर सके, इस अवसर पर ओविंद्र पोसवाल ,विवेक कटारिया, रोहित नागर ,विकास गुर्जर, रविंद्र चावला, डॉक्टर सचिन कसाना तथा अनेकों समाज के सरदार ,सम्मानित लोग तथा युवा वर्ग मौजूद रहा ।

# नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार अवैध डेरियों के खिलाफ वृहद अभियान चलाया गया

**(कौशल रस्तोगी) लखनऊ।** अभिनव वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी द्वारा मुख्य रूप से कार्यवाही करते हुए, थाना जानकीपुरम जोन 3 अंतर्गत अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, सी डी आर आई मार्ग तथा आस पास क्षेत्र में और नगर निगम के मुख्य मार्गों, सार्वजानिक सम्पति, डिवाइडर रोड आदि पर अवैध डेयरी, 23 भैंस, 2 पड़िया और 14 गाय को पकड़कर नगर निगम के आलमबाग और ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया। अवैध डेरी संचालकों द्वारा गोबर सड़क पर बहाया जा रहा था, जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो रहा था ।उक्त क्षेत्रों से निरंतर गंदगी फैलाने और गोबर सडक में बहाने की शिकायत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा निरंतर प्राप्त हो रही थी,जिससे नालियां चोक हो रही थी तथा कई जनसूचना अधिकार, तथा क्क्क्र के तहत कार्यवाही भी लंबित थी और चेतावनी देने के बाद भी डेरी संचालकों द्वारा डेरी नहीं हटाई गयी थीं आवागमन प्रभावित होने के साथ साथ कई मच्छर जनित संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ था ।इस लिए आज विशेष अभियान को चला कर कार्यवाही की गई। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नगर निगम को आवासीय क्षेत्रों में डेरी व्यवसाय की अनुमति नहीं है।अवैध डेयरीयाँ पुर्नस्थापित ना हो हो इस हेतु माननीय उच्च न्यायलय के आदेशानुसार नगर निगम की तरफ से सम्बंधित पुलिस उपायुक्त को पत्र भी प्रेषित किया जायेगा। अवैध डेरी संचालक अपने पशु समीप में गाँव में भगा ले गए थे जिनका पीछा करते हुए पशुओं को पकड़ा गया, अभियान में जानकीपुरम थाने की पुलिस बल एस एच ओ उपेंद्र सिंह सहित उनका भी विशेष योगदान रहा जो स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। कार्यवाही के दौरान डेरी संचालकों द्वारा विरोध भी किया गया जिसको पुलिस बल द्वारा शांत किया गया `नगर निगम लखनऊ द्वारा अधिकतम दो गाय लाइसेंस के साथ पालने की अनुमति है ,नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार भैंस को अपदूषण कारक पशु माना गया है अतः नगर निगम लखनऊ द्वारा भैंस पालने की अनुमति नहीं दी जाती है।







# प्राणी उद्यान द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए निः शुल्क सैर



**(कौशल (कौशल रस्तोगी )।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ द्वारा सामाजिक सेवा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों / व्यक्तियों के लिए प्राणि उद्यान की निःशुल्क सैर की व्यवस्था वर्ष 2014 में की गयी थी। इसी क्रम में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क एक्सपोजर विजिट प्राणि उद्यान, लखनऊ में कराये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ द्वारा पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था, जिसमे
दिव्यांग बच्चों की संख्या / सहयोगी प्रथम बैच
50+15 कुल व्यक्ति 65, 25.10.2024
द्वितीय बैच,50+15 कुल व्यक्ति 65
05.11.2024, तृतीय बैच
50+15 कुल व्यक्ति 65
06.11.2024
के क्रम में प्रथम बैच के सभी बच्चे एवं सहयोगी स्टाफ प्रातः 11.00 बजे प्राणि उद्यान आ गये। उनको निःशुल्क प्राणि उद्यान का भ्रमण कराया गया एवं बालरेल की सैर करवायी गयी। बच्चे बालरेल में बैठकर बहुत खुश एवं उत्सुक दिखायी दिए। प्राणि उद्यान के क्षेत्रीय वनाधिकारी, दिनेश बडोला ने बच्चों को प्राणि उद्यान की सैर करवायी तथा प्राणि उद्यान का इतिहास एवं वन्य जीवों से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी।

प्राणि उद्यान द्वारा दिव्यांग बच्चों / व्यक्तियों को प्राणि उद्यान में निःशुल्क सैर की व्यवस्था की बच्चों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई है। उन्होंने यह खुशी जताई कि इस तरह का स्वस्थ मनोरंजन उनकी जिन्दगी में कभी भी नहीं आ सकता था, जो प्राणि उद्यान की इस पहल द्वारा उनको उपलब्ध हो पाई है। प्राणि उद्यान में भ्रमण करने आये दर्शकों द्वारा भी प्राणि उद्यान की इस पहल का स्वागत किया है। भविष्य में भी नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ इस तरह के बच्चों / व्यक्तियों की निःशुल्क सैर की व्यवस्था कराता रहेगा। ये वक्तव्य
अदिति शर्मा निदेशक वाजिद अली शाह, नवाब,प्राणि उद्यान लखनऊ द्वारा साझा किया गया।

# यूपी में इस साल 17 नए मेडिकल कॉलेज, दोगुनी हुई एमबीबीएस सीटें : मुख्यमंत्री



**महराजगंज, 25 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सुदृढ़ होती मेडिकल की पढ़ाई पर कहा कि इस साल प्रदेश को 17 नये मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। इसके साथ ही प्रदेश में एमबीबीएस की सीटें भी दोगुनी हो चुकी हैं। सीएम योगी शुक्रवार को महराजगंज में प्रदेश के पहले पीपीपी मोड के केएमसी मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही तराई के जनपदों को लगातार उपेक्षा का दंश झेलना पड़ा। सरकारों के एजेंडे में तराई के क्षेत्र होते ही नहीं थे। मगर अब महराजगंज उपेक्षित नहीं रहा, आज ही यहां 940 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी गई है।

**टीम वर्क के कारण आज परिणाम हर किसी के सामने है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी गोरखपुर में पूर्वी यूपी का एक मात्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्वयं 'बीमार' हाल में था। मगर आज यह गोरखपुर एम्स से स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश की सत्ता जब संभाली तो यूपी के पास वेतन देने के लिए भी पैसे नहीं थे, मगर सबके साथ और टीम वर्क के कारण आज परिणाम हर किसी के सामने है। उन्होंने इस बात पर विशेष तौर पर संतोष जताया कि यूपी में अबतक 5.14 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना का गोल्डेन कार्ड प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि यूपी में पहले केवल 18 मेडिकल कॉलेज थे, मगर आज 64 जिलों में मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज केवल स्वास्थ्य सुविधाएं ही नहीं प्रदान करते बल्कि इनके निर्माण से नौकरियों और स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलता है। सीएम ने कहा कि सरकार का पूरा जोर यूपी में नये बन रहे मेडिकल कॉलेजों को अच्छी कनेक्टिविटी से जोड़ने पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेज के साथ साथ नर्सिंग और पैरा मेडिकल कॉलेजों का भी युद्धस्तर पर निर्माण हो रहा है।

# वर्ल्ड ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**(कौशल रस्तोगी) लखनऊ।** IMA MSN KGMU टीम ने वर्ल्ड ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ के अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, पैनल डिस्कशन (22/10/2024 को) और नुक्कड़ नाटक (23/10/2024 को) का आयोजन किया, जिसमें सर्जरी विभाग और एंडोक्राइन सर्जरी विभाग का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन आर्यांश खजूरिया (कार्यकारी सदस्य), दीपांशी चौधरी (कार्यकारी सदस्य), ताहसीनाह हाश्मी (कार्यकारी सदस्य) द्वारा किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 11 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक टीम में 2 लोग शामिल थे। पैनल डिस्कशन में ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम कारक, लक्षण, शुरूआती पहचान, स्वयं परीक्षण, विभिन्न निदान विधियाँ, सर्जिकल और रेडियोथेरेप्यूटिक प्रबंधन पर जानकारीपूर्ण विचार साझा किए गए। चर्चा में ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े सामाजिक कलंक और आम जनता में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी शामिल किया गया। पैनल में सम्मिलित प्रतिष्ठित प्रोफेसरों में डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव , प्रोफेसर, रेडियोथेरेपी विभाग, डॉ. पूजा रामाकांत मैम, प्रोफेसर, एंडोक्राइन सर्जरी विभाग,डॉ. कुशाग्र गौरव भटनागर एसोसिएट प्रोफेसर, सर्जरी विभाग,डॉ. गितिका नंदा , प्रोफेसर, सर्जरी विभाग आदि सहित कार्यक्रम में डॉ. जीलेदार रावत, प्रोफेसर और प्रमुख, पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग, संरक्षक IMA MSN KGMU, पूर्व उपाध्यक्ष IMA MSN उत्तर प्रदेश शामिल रहे। MBBS और X BDS 2023 बैच के 9 छात्रों ने 23/10/2024 को शताब्दी फेज 2 के ग्राउंड फ्लोर पर आयोजित नुक्कड़ नाटक में भाग लिया।

# जीरो एनिमल जोन बनेगा महाकुंभ क्षेत्र

## महाकुंभ क्षेत्र को छोटे-बड़े सभी पशुओं की एक्टिविटी से पूर्णतः रखा जाएगा मुक्त



**प्रयागराज, 25 अक्टूबर।** प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे स्वच्छ और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन के सीएम योगी के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के इस महाकुंभ में पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। कुंभ नगरी का चप्पा - चप्पा इस आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की चहल पहल से गुलजार रहेगा। ऐसे में कुंभ क्षेत्र से लेकर कुंभ क्षेत्र में पहुंचने वाले सभी मार्गों में स्वच्छता और सुव्यवस्था कायम रहे इसके लिए नगर निगम की तरफ से विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में कुंभ क्षेत्र को जीरो एनिमल जोन बनाने का निर्णय लिया गया है। पूरे मेला क्षेत्र से सभी पशुओं को दूर रखने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो।

**24 घंटे होगी मॉनिटरिंग**

महाकुंभ क्षेत्र में पहली बार जीरो एनिमल जोन बनाया जा रहा है। नगर निगम प्रयागराज के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी विजय अमृत राज का कहना है कि महाकुंभ के आयोजन के दौरान सम्पूर्ण कुंभ क्षेत्र एनिमल एक्टिविटी फ्री जोन रहेगा। इसके अंतर्गत संगम क्षेत्र के साथ साथ नैनी, झूंसी और सिविल लाइंस के क्षेत्र भी शामिल किए गए हैं। इसके अंतर्गत इन क्षेत्रों में बड़े और छोटे सभी एनिमल्स की एक्टिविटी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि अभी से बड़े एनिमल्स को कुंभ क्षेत्र से बाहर करने के लिए निगम की तरफ से अभियान चलाया जा रहा है। पशुपालकों को स्पष्ट निर्देश भी दे दिया गया है कि इस अवधि में कोई भी पशु सड़कों में बाहर नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

# क्वेस्ट इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मलेशिया से हुआ महायोगी गोरखनाथ विवि का एमओयू





**गोरखपुर, 25 अक्टूबर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं क्वेस्ट इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मलेशिया के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिये समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। एमओयू पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और क्वेस्ट इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. जीटा मोहम्मद फहमी ने हस्ताक्षर किए। दोनों कुलपति ऑनलाइन जुड़े और एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद इसका डिजिटली आदान-प्रदान किया। इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, फार्मा व चिकित्सा में संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य के साथ वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को पूरा करने एवं कौशल बढ़ाने के लिए क्षमता विकास, छात्र, संकाय और तकनीकी विनिमय आदि विषयों पर पारस्परिक सहयोग की प्रतिबद्धता जताई गई है। इसके अतिरिक्त दोनों संस्थानों का लक्ष्य इस साझेदारी के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संयुक्त कार्यशाला का आयोजन व विकास परियोजना को विकसित और कार्यान्वित करना है।

# महाकुंभ में विश्व को चौंकाने जा रहा देश का इकलौता बिना मूर्ति वाला शक्तिपीठ

**प्रयागराज, 25 अक्टूबर :** प्रयागराज का आदिकालीन अलोपशंकरी का सिद्धपीठ श्रद्धा एवं आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा है। इस महाकुंभ में यह सिद्धपीठ भी आस्था के प्रमुख केंद्रों में एक होगा। अलोप शंकरी मंदिर दुनिया का एकमात्र ऐसा शक्तिपीठ है, जहां माता की कोई मूर्ति नहीं है। इसीलिए इसके पुनर्निर्माण के लिए सरकार की ओर से 7 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। वर्तमान में करीब 55 फीसदी से अधिक निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। 15 दिसंबर तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में यहां के धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण का कार्य चौबीसों घंटे अनवरत चल रहा है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालु महाकुंभ की पौराणिक मान्यता के अनुरूप दुनिया के सबसे भव्य सांस्कृतिक आयोजन के उत्सव के भागीदार बनें। योगी सरकार ने इसके लिए करीब साढ़े छह हजार करोड़ रुपए की 500 से अधिक परियोजनाओं को साकार रूप देना शुरू कर दिया है।

# गुरु नानक खालसा कॉलेज के खेलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

करनाल, सुखविन्दर सोही

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल के खेल विभाग के विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए गुरु नानक खालसा कॉलेज की प्रबन्धन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस, उप प्रधान सरदारनी कंवरप्रीत कौर, प्राचार्या श्रीमती शशि मदान द्वारा सम्मानित किया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए खेल विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवी भूषण ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में रिद्धि फोर ने तीरंदाजी में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में गोल्ड मेडल जीता, मोनू ने वेटलिफ्टिंग में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में सिल्वर मेडल, भूपिंदर ने शूटिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल पर गोल्ड मेडल और ऑल इंडिया पार्टिसिपेशन किया, प्रिया पुनिया ने बॉक्सिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल और इंटर कॉलेज खेलों में गोल्ड मेडल, पूजा भारती ने वेटलिफ्टिंग में इंटर कॉलेज में सिल्वर मेडल, तुषार ने वेटलिफ्टिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल पर ब्रॉन्ज मेडल और ऑल इंडिया पार्टिसिपेशन, प्राची ने शूटिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल खेलों में ब्रॉन्ज मेडल और नीरू खत्री ने बॉक्सिंग में खेलो इंडिया स्टेट लेवल पर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि कॉलेज हमेशा से ही खेलों में अव्वल रहा है। कॉलेज प्रबंधन समिति की उप प्रधान सरदारनी कंवरप्रीत विर्क ने कहा कि विद्यार्थियों को इसी तरह आगे भी मेहनत करनी है। कॉलेज प्राचार्या श्रीमती शशि मदान ने भी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा इसका श्रेय डी. पी. वजीर सिंह और सुभाष कोच के मार्गदर्शन तथा विद्यार्थि।

समाधान शिविरों में बढ़ रहा जनता का विश्वास, तीन दिन में हजारों लोग पहुंचे

# हरियाणा: समाधान शिविरों में हर दिन 30-35 प्रतिशत समस्याओं का मौके पर हो रहा समाधान

चंडीगढ़, अक्तूबर : प्रदेश में लगातार तीन दिन से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में लोगों की बढ़ी हुई उम्मीद आंकड़ों में भी दिखाई दे रही है। तीन दिनों में हजारों की संख्या में लोग समाधान शिविरों में पहुंच चुके हैं। इसमें से 878 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष लंबित समस्याओं का निदान संबंधित विभाग के अधिकारी तय समय सीमा में उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर लगातार एक माह तक सभी जिलों में जनता की समस्याओं के निवारण के लिए यह समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार स्थानीय निकायों के अधिकारी सुबह 9 से 11 बजे तक शिविर में जन समस्याओं का गंभीरता से समाधान करने में जुटे हैं। पूरे प्रदेश में हर दिन आने वाली लगभग 30 प्रतिशत समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा रहा है। प्रदेश के 22 जिलों में तीसरे दिन 1616 लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर समाधान शिविर में पहुंचे। इनमें से 574 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। तीसरे दिन लंबित रही समस्याओं के समाधान बारे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी कर शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने हाल ही में अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए थे ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से भी इन शिविरों में आ रही शिकायतों की पूरी निगरानी की जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जरूरतों के अनुरूप विकास की कार्य योजना बनाने और लोगों की समस्याओं और जरूरतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।


नायब सिंह सैनी

# श्रेष्ठ शिक्षा के साथ उत्तम स्वास्थ्य और संस्कार प्रदान करना गुरुकुल का उद्देश्य : आचार्य देवव्रत

धूमधाम से सम्पन्न हुआ गुरुकुल का 112वां वार्षिक महोत्सव, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामंत्री उमेद शर्मा रहे विशिष्ट अतिथि



समारोह में मंचासीन गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य।

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर : गुरुकुल में आचार्य के संरक्षण में ब्रह्मचारी गर्भस्थ शिशु की भांति सुरक्षित रहता है और जो ब्रह्मचारी अपने गुरुओं का हमेशा आज्ञापालन करते हैं, वे निश्चित ही जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचते हैं। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुरुकुल के 112वें वार्षिक महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र पूरे मनोयोग और ईमानदारी से युवाओं के निर्माण के पुनीत कार्य में लगा है और राष्ट्र को उच्च श्रेणी के अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर समर्पित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। महोत्सव में लेडी गवर्नर श्रीमती दर्शना देवी, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामंत्री उमेद शर्मा, एच.सी.एस मनीष लोहान, मोहित कौशिक, बागवानी के संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज कुण्डू, ओएसडी टू गवर्नर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, 10 हरियाणा बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश कुमार, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, उप प्रधान मास्टर सतपाल काम्बोज, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, गुरुकुल नीलोखेड़ी से जगदीश आर्य, शिवकुमार आर्य सहित अन्य महानुभाव मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा किया गया।

आचार्यश्री ने कहा कि छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ उत्तम संस्कार और स्वास्थ्य प्रदान करना गुरुकुलों का मुख्य उद्देश्य है और उनके मार्गदर्शन में चल रहे सभी गुरुकुलों में इन बिन्दुओं पर विशेष बल दिया जाता है। ब्रह्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये कौशल प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि इन ब्रह्मचारियों को प्राकृतिक खेती से उत्पादित भोजन और गुरुकुल की अत्याधुनिक गोशाला का पोषण से भरपूर शुद्ध दूध दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से ही देश में गाय माता को पुनः लोगों के घरों में जगह मिलेगी क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक खेती मिशन को पूरे देश में प्रसारित करने की बड़ी जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। इसी मिशन के चलते गुजरात में लगभग 10 लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा गया है वहीं दो लाख से ज्यादा किसानों के खूंटे पर पुनः देशी गाय बांधी है, इतना ही नहीं देशी गाय रखने वाले किसानों को गुजरात सरकार प्रतिमाह 900 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान करती है।

उन्होंने सभी अभिभावकों को दीवाली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए वार्षिक महोत्सव के सफल आयोजन पर गुरुकुल प्रबंधन को बधाई दी। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने गुरुकुल के छात्रों की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में गुरुकुल के 17 छात्रों ने जहाँ एनडीए/टीईएस ज्वाइन किया वहीं 11 छात्रों ने नीट क्वालिफाई किया है। इसके अलावा 5 बच्चों ने आईआईटी में प्रवेश लिया है। गुरुकुल के 58 छात्रों ने एन.डी.ए. की लिखित परीक्षा और 45 छात्रों ने जेईई की परीक्षा पास की। अन्य उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि गुरुकुल के साइंस ओलम्पियाड में गुरुकुल के छात्रों ने 45 गोल्ड, 35 सिल्वर तथा 30 ब्रांच मैडल प्राप्त किये। किक-बॉक्सिंग में 5 गोल्ड हासिल किये हैं। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि गुरुकुल में उनका बच्चा आचार्य देवव्रत के संरक्षण में बेहद सुरक्षित है और यहां बच्चों के जीवन निर्माण हेतु अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। गुरुकुल का पूरा प्रबंधन और एक-एक अध्यापक छात्रों के चहुमुखी विकास हेतु लगातार प्रयासरत है। महोत्सव में आज गुरुकुल के छात्रों द्वारा कौशल प्रदर्शन के तहत घुड़सवारी, निशानेबाजी, पी.टी., सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, डम्बल, लेजियम, दण्ड-बैठक, योगसन, मल्लखम्भ, कल्लरी, सुदर्शन चक्र, जिम्नास्टिक के हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किये जिन्हें देख दर्शकों पूरा परिसर तालियों से गुंजायमान कर दिया। एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टन श्रवण के मार्गदर्शन में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा पेट्रोलिंग एवं एम्बुस का शानदार प्रदर्शन किया गया। समारोह में गुरुकुल प्रबंधन समिति द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# अनिल विज का विपक्ष पर तंज कांग्रेस के मंथन में सिर्फ विष ही विष है

जल्द ही अंबाला से उड़ान शुरू होगी क्योंकि भाजपा जो वायदे करती है वे जरूर पूरे होते है : विज



हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज।

अंबाला छावनी, अक्तूबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के मंथन में सिर्फ विष ही विष है। अनिल विज ने कुमारी शैलजा को सलाह देते हुए कहा कि जल्द ही अंबाला से उड़ान शुरू होगी। विज आज अम्बाला में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने अपने एक बयान में कहा है कि हरियाणा सरकार किसानों को खाद और बीज देने में विफल साबित हो रही है जिस पर तंज कसते हुए हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसानों को प्रणालीबद्ध तरीके से खाद मुहैया करवाया जा रहा है तथा खाद की ओर खेप भी मंगवाई हुई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

## कांग्रेस के मंथन में सिर्फ विष ही विष है : विज

**इधर,** कांग्रेस का मंथन पूरा हो चुका है और सामने आया है कि हरियाणा में कांग्रेस की हार का जिम्मेवार दोनों ही गुट है, इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि मंथन तो पहले भी हुआ था जिसमें विष और अमृत दोनों मिला था लेकिन कांग्रेस के मंथन में सिर्फ विष ही विष है। कुमारी शैलजा ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा है कि मेनिफेस्टो में जो वायदे भाजपा ने किए थे वे कब पूरे होगे इस पर विज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा जो वायदे करती है वे जरूर पूरे होते है आपको चिंता करने की जरूरत नहीं।

## अंबाला से जल्द शुरू होगी उड़ान : विज

**वही** उड़ान योजना के तहत अंबाला में बनने वाले एयरपोर्ट का शुभारंभ कब होगा इस सवाल का जवाब देते हुए परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि ज्यादातर काम पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट में एविएशन डिपार्टमैंट ने समान स्कैन करने वाली मशीन लगानी है, जिसके लिए उन्होंने निर्देश दे दिए है और जल्द से जल्द इस मशीन को उपलब्ध करवाकर उड़ान शुरू करने की बात कही है।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विवि की कुलसचिव को मिला डा. सरोजनी नायडू इंटरनैशनल अवॉर्ड


ज्योति राणा

चंडीगढ़/ पलवल, अक्तूबर : श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफैसर ज्योति राणा को डॉ. सरोजनी नायडू इंटरनैशनल अवॉर्ड से नवाजा गया है। उन्हें यह अवॉर्ड महिलाओं के उत्थान में योगदान के लिए इंटरनैशनल चैंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमैंट इंडस्ट्री (आईसीएमईआई) और इंटरनेशनल वूमेन फिल्म फोरम (आईडब्ल्यूएफएफ) की ओर से प्रदान किया गया है। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति ने अवॉर्ड के लिए मारवाह स्टूडियोज का आभार ज्ञापित किया। अवॉर्ड कामकाजी महिलाओं के कल्याण एवं उनकी भलाई के लिए कार्य करने वाली महिलाओं को प्रदान किया जाता है। प्रोफेसर ज्योति देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय की कुलपति हैं और कौशल विकास के क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने महिलाओं में कौशल विकास के क्षेत्र में विगत कई वर्षों से महत्वपूर्ण कार्य किया है। ग्रामीण लड़कियों को कौशल के साथ जोड़कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में उन्होंने काफी परिश्रम किया है। प्रोफेसर ज्योति ने इस अवॉर्ड के लिए आईसीएमईआई का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बेहतरी के लिए यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार सामाजिक विकास की दिशा में किए गए प्रयासों का सच्चा प्रतिबिंब है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों और शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि के लिए प्रोफेसर ज्योति को बधाई दी।

# नितिन गडकरी ने विभिन्न राजमार्गों पर कार्य शुरू करने की मंजूरी दी : सैनी

हरियाणा का कोई भी जिला ऐसा नहीं हैं जहां पर से चार मार्गीय एक्सप्रैस-वे या ग्रीनफील्ड एक्सप्रैस-वे गुजरता न हों : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़, अक्तूबर : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हरियाणावासियों के लिए खुशी का दिन हैं क्योंकि केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य से निकलने वाले विभिन्न राजमार्गों पर कार्य शुरू करने की अपनी मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज लगभग दर्जनभर राजमार्गों के निर्माण के संबंध में डीपीआर तैयार करने की मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हरियाणा से संबंधित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के संबंध में आयोजित बैठक के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा का कोई भी जिला ऐसा नहीं हैं जहां पर से चार मार्गीय एक्सप्रैस-वे या ग्रीनफील्ड एक्सप्रैस-वे गुजरता न हों अर्थात हरियाणा में बेहतरीन अवसरंचना विकसित करने के उदेश्य से सड़कों का जाल लगातार बिछाया जा रहा है ताकि लोगों के जीवन को सुगम व सरल बनाया जा सकें। इसी कडी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विभिन्न राजमार्गों की मंजूरी व डीपीआर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में इन सड़क परियोजनाओं से लोगों को लाभ मिलेगा।

हरियाणा में बेहतरीन अवसरंचना विकसित करने के उद्देश्य से सड़कों का जाल लगातार बिछाया जा रहा : मुख्यमंत्री





## विकास करने के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश

हरियाणा की सड़क परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र बाईपास सहित पेहोवा-कुरुक्षेत्र-यमुनानगर कॉरिडोर और लाडवा बाईपास का विकास करने के लिए आज केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार, फरीदाबाद- जेवर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर शहरी क्षेत्र में किमी 0 से 12 किमी. तक एलिवेटेड सेक्शन के निर्माण के लिए आधुनिक डिजाईन तैयार किया जाएगा ताकि आने वाले 25 से 50 सालों तक इस सड़क का उपयोग किया जा सकें और किसी भी प्रकार का यातायात जाम न लगे। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद-जेवर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर मोहना गांव में प्रवेश/निकास रैंप का निर्माण किया जाएगा और और मोहना गांव के पास बैठे ग्रामीणों की मांग को पूरा किया गया है ताकि इस सड़क मार्ग पर मोहना के लोगों को कैनक्टिविटी मिल सकें।

## दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग से एमजी रोड और गुरुग्राम के चौराहे और फरीदाबाद रोड तक कनैक्टिविटी प्रदान करने के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश

**नायब** सिंह ने बताया कि गुरुग्राम व दिल्ली के यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के लिए दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग से एमजी रोड और गुरुग्राम के चौराहे और फरीदाबाद रोड तक कनैक्टिविटी प्रदान करने के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों को दिए हैं ताकि दिल्ली एयरपोर्ट तथा गुरुग्राम के आंरभ में भीड को कम किया जा सकें। इसी प्रकार, उन्होंने बताया कि गुरुग्राम-फर्रुखनगर-झज्जर सड़क का चौड़ीकरण/उन्नयन करने पर आज उनकी केन्द्रीय मंत्री के साथ चर्चा हुई है।

## इंटरचेंज का निर्माण करके केएमपी और यूईआर-2 (दिल्ली) के बीच सीधी कनैक्टिविटी प्रदान करने पर बनी सहमति

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि गुरुग्राम जिले में खेड़की दोला टोल प्लाजा का स्थानांतरण पर भी मंथन हुआ और इस पर आधुनिक तकनीक इस्तेमाल करके अन्य व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। इसी तरह, केएमपी और बवाना-सोनीपत हाईवे के जंक्शन पर इंटरचेंज का निर्माण करके केएमपी और यूईआर-2 (दिल्ली) के बीच सीधी कनैक्टिविटी प्रदान करने पर सहमति आज बनी है और केंद्रीय मंत्री ने इस परियोजना पर रूचि दिखाते हुए इसे अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए हैं। ऐसे ही, बिलासपुर चौक, गुरुग्राम (एनएच-48) पर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को जल्द ही शुरू कराया जाएगा और यात्रियों की सुविधा के लिए मरम्मत करा दी गई है।

## हरियाणा के लिए पूर्व-पश्चिम एक्सप्रेसवे का निर्माण के लिए केन्द्रीय मंत्री ने डीपीआर तैयार करने के दिए निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि हरियाणा राज्य के लिए पूर्व-पश्चिम एक्सप्रैसवे (डबवाली से पानीपत) का निर्माण के लिए केन्द्रीय मंत्री ने डीपीआर तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रैसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन जल्द ही कराया जाएगा तथा दिल्ली कटरा एक्सप्रैसवे जो वर्तमान में केएमपी से शुरू हो रहा है, उसे दिल्ली में यूईआर-2 तक बढ़ाया जाएगा।

## साहा चौक पर मिसिंग प्वाइंट को कवर करते हुए डीपीआर बनाने के निर्देश, हिसार के रिंग रोड को मंजूरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा राज्य के अंबाला जिले में किमी. 118.792 से 125.978 (साहा बाईपास) तक पुराने एनएच-73 (नए एनएच-344) को जोडने की मंजूरी आज केन्द्रीय मंत्री द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि साहा चौक पर मिसिंग प्वाइंट को कवर करते हुए डीपीआर बनाने के निर्देश केन्द्रीय मंत्री द्वारा अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को हिसार के यातायात जाम से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड तैयार करने के लिए आज मंजूरी दी गई हैं और जल्द ही इस वैकल्पिक सड़क की डीपीआर तैयार की जाएगी। इस मौके पर हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार शहरी विकास डीएस ढेसी, नगर एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# खुद को ठगा सा महसूस कर रहे है बुजुर्ग, दिव्यांग और विधवा पेंशनधारक : कुमारी सैलजा

## डीए में वृद्धि के तहत कब 4500 रुपए प्रतिमाह पैंशन करेगी भाजपा सरकार

## अगर कांग्रेस की सरकार बनती तो बुजुर्गो, दिव्यांगों और विधवाओं को मिलती 6 हजार रुपए की पैंशन


कुमारी सैलजा

चंडीगढ़, अक्तूबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने अभी तक बुजुर्गो, दिव्यांगों और विधवाओं की पैंशन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती तो अब तक पैंशन छह हजार रुपए प्रतिमाह देनी शुरू कर दी गई होती। भाजपा अगर अपने वायदे पर अडिग है तो डीए को आधार मानते हुए वह बुजुर्गो, दिव्यांगों और विधवाओं की पैंशन 4500 रुपये प्रतिमाह कब करेगी। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वायदा किया था और गारंटी भी दी थी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गो, दिव्यांगों और विधवाओं की पैंशन छह हजार रुपए प्रतिमाह कर दी जाएगी। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कहा था कि डीए और पैंशन को जोड़ने वाले साइंटिफिक फामूर्ला के आधार पर सामाजिक मानसिक पैंशनों में वृद्धि की जाएगी। इस घोषणा से साफ हो गया था कि पैंशन के नाम पर भाजपा बुजुर्गो, दिव्यांगों और विधवाओं को गुमराह कर रही है। उसे सीधे सीधे बताना चाहिए था कि प्रतिमाह कितने रुपये की वृद्धि की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का दावा है कि उसने कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के रूप में उनके डीए में तीन प्रतिशत की वृद्धि की है, जो बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है, सरकार इसी डीए को आधार मानकर पैंशन में वृद्धि करती है तो कम से कम 4500 रुपये प्रतिमाह पैंशन होती है क्या भाजपा सरकार बुजुर्गो, दिव्यांगों और विधवाओं को 4500 रुपये की पैंशन शुरू कर उन्हें दिवाली को तोहफा दे सकती है। क्या भाजपा सरकार केवल वोट हासिल करने के लिए ही झूठी घोषणाएं करती है या उन पर अमल भी करती है। अगर सरकार बुजुर्गो, दिव्यांगों और विधवाओं का सम्मान करती है तो उनकी पैंशन में वृद्धि कर अपना वायदा निभाये।

# सॉफ्टवेयर रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत किया स्थानांतरण : जोगपाल

चंडीगढ़, अक्तूबर : कुरुक्षेत्र उपायुक्त राजेश जोगपाल ने सॉफ्टवेयर रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत कुरुक्षेत्र जिला मुख्यालय, तहसील, उपमंडल कार्यालयों में तैनात 132 कर्मचारियों के स्थानांतरण किए हैं। इन सभी कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से जहां पर उनका स्थानांतरण किया गया है, वहां पर चार्ज लेने के भी निर्देश दिए गए है।

जोगपाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला मुख्यालय, तहसील, उपमंडल कार्यालयों में तैनात लिपिक, कंप्यूटर आपरेटर, कंप्यूटर सहायक व अन्य का कर्मचारियों का स्थानांतरण पारदर्शी तरीके से किया गया है। उनका प्रयास है कि सरकारी कार्यालय में विशेषकर पब्लिक डीलिंग सीट, जिसमें आरसी, रजिस्ट्रेशन, बर्थ रजिस्ट्रेशन, रिहायशी प्रमाण पत्र, मैरिज रजिस्ट्रेशन या अन्य कार्य होते है, उसे करवाने में लोगों को सुगमता हो।

अकसर देखने में आता है कि जो कर्मचारी लंबे समय से पब्लिक डीलिंग सीट पर होता है, उस द्वारा आमजन के कार्यो में देरी करने की शिकायत आती है। उन्होंने बताया कि 58 लिपिक व 77 कंप्यूटर ऑपरेटर्स के स्थानांतरण किए गए हैं। अब जिन कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है, उन्हें अगले 06 महीने के बाद फिर से बदल दिया जाएगा।

# परिवहन विभाग को ऊंचा उठाने के लिए हर संभव होंगे प्रयास, विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को किया जाएगा खत्म : अनिल विज

सभी कर्मचारियों को मिलेगा न्याय, यदि किसी भी कर्मचारी को कोई परेशानी है तो वह उनसे मिल सकता है : अनिल विज


मंत्री अनिल विज को पुष्प गुच्छ भेंट करते जागृति मंच के सदस्य।

अंबाला छावनी, अक्तूबर : हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि परिवहन विभाग को ऊंचा उठाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के सभी कर्मचारियों को न्याय मिलेगा और यदि किसी भी कर्मचारी को कोई परेशानी है तो वह उनसे इस संबंध में मिल सकता है। यह आश्वासन गत देर सायं परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की राज्य कार्यकारिणी के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई शिष्टाचार भेंट के दौरान दिया गया। इस प्रतिनिधिमंडल ने विज को परिवहन मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान परिवहन मंत्री और हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की राज्य कार्यकारिणी के प्रतिनिधियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न विषयों पर विस्तृत बातचीत हुई।

## भविष्य में यूनियन की मांगों के संबंध में होगी वार्ता

**माननीय** परिवहन मंत्री द्वारा संगठन के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को यह ठोस आश्वासन दिया कि आने वाले समय में जल्द ही यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर चालक/परिचालक कर्मचारियों की अन्य मांगों पर भी वार्ता की जाएगी और उन्हें लागू भी करने की दिशा में पहल की जाएगी। इस भेंटवार्ता के दौरान परिवहन विभाग में कार्यरत चालक/परिचालक कर्मचारियों की अन्य दैनिक समस्याओं और उनकी मांगों पर भी सकारात्मक बातचीत की गई।

## अनिल विज के परिवहन मंत्री बनने पर परिवहन विभाग के सभी कर्मचारियों में खुशी की लहर

**उल्लेखनीय** है कि अनिल विज के परिवहन मंत्री बनने पर हरियाणा रोडवेज जागृति मंच व विभाग के सभी चालक/परिचालक कर्मचारियों में खुशी की लहर है। इस दौरान जागृति मंच की राज्य कार्यकारिणी से राज्य प्रधान सुरेंद्र सिंह, संगठन सचिव सुरेश सैनी नारनौंद, मुख्य सलाहकार सुनील वर्मा अंबाला, दयानंद यादव, राजेश बराड़, प्रवीण शर्मा और रमेश कुमार मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने बहन के कातिल भाइयों को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस द्वारा बहन के जेवर रखकर न देने पर आत्महत्या के लिये उकसाने वाले शेष दोनों आरोपी भाईयों को जेवर के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि अभियुक्त पप्पू यादव, मुन्ना यादव पुत्र श्याम यादव निवासी ग्राम नागर को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से बहन के जेवर बरामद हुए। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उनि रामअधार सिंह, आरक्षी लोकेन्द्र, कमलाकान्त द्विवेदी रहे।

### 12 वीं की छात्रा बनी एक दिन की प्रिंसिपल



**पनवाड़ी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को कस्बा स्थित नेहरू इंटर कॉलेज में 12 वीं की छात्रा को एक दिन का प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। कॉलेज की इस मुहिम से स्कूली लड़कियों में उत्साह देखा गया। वहीं एक दिन की प्रशासक बनी मेधावी छात्रा आत्म विश्वास से लबरेज दिखी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार पाठक ने बताया कि प्रदेश में मिशन शक्ति विशेष अभियान (फेज – 5) के तहत शासन के निर्देशानुसार बालिका संरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु कक्षा 12 की छात्रा कु. मोहिनी एवं कु. कशिश मंसूरी को एक दिन का प्रधानाचार्या नियुक्त किया गया द्य दोनों को कक्षा 11 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के आधार पर नियुक्त किया गया द्य एक दिन की प्रधानाचार्या ने प्रत्येक कक्षा शिक्षण का निरीक्षण किया, छात्रों की समस्याओं को जाना और उसके निराकरण हेतु तत्काल मौखिक आदेश दिया और निराकरण कराया गया द्य नियमित प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार पाठक ने उन्हें मिष्ठान खिलाकर खुशी जाहिर किया द्य विद्यालय परिवार द्वारा माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया द्य विद्यालय समय के उपरांत दोनों बालिकाओं को उपहार देकर विदाई की गयी द्य इस दौरान पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।

### पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**पनवाड़ी।** आगामी दीपावली लक्ष्मी पूजा त्योहार के मद्देनजर गुरुवार को महोबकंठ थाना में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा ने की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अपने संबोधन में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा ने कहा कि त्योहार मिलजुल कर मनाने से इसकी खुशी और बढ़ जाती है। कहा कि दीपावली खुशी प्यार और शांति का पर्व है। पवित्र मन और प्यार भरे माहौल में इसे मनाने से इसकी पवित्रता कायम रखी जा सकती है। कहा की प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को प्रतिबद्ध है। दुकानदारों को निर्देशित किया कि आतिशबाजी की दुकानें आबादी से दूर लगाईं जाएं तथा छोटे बच्चों को पटाखा न दिए जाए। इस मौके पर जयप्रकाश नायक, स्वतंत्र राजपूत, मनोज पटेल, रवि पटेल, अनूप पटेल, रविन्द्र खरे, चंद्रशेखर रिछारिया ,रामाधीन आदि मौजूद रहे।

### तीन वारंटियों को न्यायालय में किया पेश

**बांदा।** थाना तिंदवारी और बदोसा पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। तिन्दवारी पुलिस ने रमजोर सिंह पुत्र रामरतन सिंह व राजा सिंह पुत्र रामरतन सिंह निवासी ग्राम बेंदा और बदौसा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त बौरा उर्फ राममुनि पुत्र बृजनंदन निवासी तुर्रा को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

# जीवन में ऐसे कार्य जरूर करें, ताकि आपको भी मिले मेडल : राज्यपाल

**21 में से 16 छात्राओं को राज्यपाल ने विभिन्न संकायों में दिए मेडल, विवि में बोटेनिकल गार्ड व फसलोत्तर प्रबंधन प्रयोगशाला का राज्यपाल ने किया लोकार्पण**

■ बांदा






कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा में गुरुवार को दसवां दीक्षांत समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने छात्र-छात्राओं को मेडल और डिग्रियां दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाएं कृषि, वानिकी और उद्यान क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में खेती की अपार संभावनाएं हैं। दीक्षांत समारोह में शिरकत करने पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सबसे पहले कृषि विश्वविद्यालय बोटेनिकल गार्डन व फसलोत्तर प्रबंधन प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने मेडिटेशन एंड वेलनेश सेंटर का शिलान्यास किया।श्रीमती आनन्दी बेन पटेल, मा0 राज्यपाल उ0प्र0/कुलाधिपति महोदया, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बॉंदा ने आज कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के दसम दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया तथा दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक छात्र/छात्राओं को पदक प्रदान किये। इससे पूर्व उन्होंने बॉंदा कृषि विश्वविद्यालय बोटेनिकल गार्डन एवं फसलोत्तर प्रबन्धन प्रयोगशाला का लोकार्पण किया तथा मेडिटेशन एण्ड वेलनेश सेन्टर (केन नेचर पार्क) का शिलान्यास किया।

दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल व कुलाधिपति आनन्दी बेन पटेल ने छात्र-छात्राओं को मेडल प्राप्त होने पर उनको और उनके माता-पिता को बधाई देते दी। कहा कि पिछले दो वर्षों कृषि विश्वविद्यालयों में छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अधिक मेडल प्राप्त किये हैं। आज इस विश्वविद्यालय में 21 में से 16 छात्राओं को विभिन्न संकायों में मेडल प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं को आज मेडल नही मिला है, वह सभी अपने जीवन के लिए इतना अच्छा कार्य करें, जिससे उन्हें भी मेडल प्राप्त हो सके। राज्यपाल ने कहा कि महिलायें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं और कृषि, वानिकी, उद्यान के क्षेत्र में भी आगे बढ़कर मेडल प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित तकनीकी एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को किसानों, महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तक अवश्य पहुंचाये, जिससे वह स्वावलंबी और सशक्त हो सकें। प्रधानमंत्री का सपना है कि स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति एवं ड्रोन दीदियां कैसे बनें, इस दिशा में कार्य निरन्तर किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक ढंग से उन्नतशील खेती करें तथा उर्वरकों एवं रसायनिक छिडकॉव आदि का उपयोग कम करें और प्राकृतिक खेती की ओर आगे बढें। बुन्दलेखण्ड क्षेत्र में कृषि क्षेत्र की अपार सम्भावनायें हैं जिस ओर विश्वविद्यालय पूर्णतया प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को दलहन, तिलहन मिशन के अन्तर्गत मूंगफली, सरसों, अलसी, तिलहन में आत्मनिर्भर बनने के लिए कार्य करें। उन्होंने जल संरक्षण के लिए तालाबों का निर्माण कराये जाने पर जोर दिया। इसके साथ ही किसानों को कृषि कार्य के साथ बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन को भी अपनायें जिससे उन्हें लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कृषि को आगे बढाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पाद को बढायें, कृषि क्षेत्र में अलग-अलग योजनायें बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच में बैठकर कृषि के विषय में वैज्ञानिक जानकारी दें ताकि किसान कृषि कार्य, वैज्ञानिक और उन्नतिशील तरीके से करके अपना उत्पादन बढ़ा सकें। कृषि विश्व विद्यालय में पांच महाविद्यालय कृषि, उद्यान, वानिकी, सामुदायिक विज्ञान एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संचालित हैं तथा कृषि अभियांत्रिकी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री कार्यक्रम का शैक्षणिक कार्य शुरू किया गया है, जिससे छात्र/छात्राओं को कृषि क्षेत्र के अध्ययन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिये जाने तथा स्वच्छता के बारे में बच्चों की आदत डलवाये जाने के साथ बच्चों हेतु उपयोगी सामग्री की किट उपलब्ध कराये जाने के साथ बच्चों के लिए खिलौनो की सामग्री गरीब बच्चों को छोटी साइकिल, कुर्सी, मेज, किताब, स्टेशनरी किट आगनवाडी कार्यकत्रियों को वितरित किया। उन्होंने आंगनबाडी के बच्चों को विश्वविद्यालय से जोडकर उन्हें बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे कि गरीब परिवारों के बच्चों का आंगबाडी केन्द्रों के माध्यम से शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सुधार हो सके। कार्यक्रम में उन्होंने राजभवन से प्राप्त पुस्तकों के सेट का वितरण विद्यालय के अध्यापकों को किया। इसके साथ ही उन्होंने परिषदीय विद्यालयों मे आयोजित अर्न्तविद्यालय भाषण प्रतियोगिता एवं कहानी कथन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

दीक्षांत समारोह में स्नातन व परास्नातक में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गयी, जिसमें कृषि संकाय, उद्यान, वानकी, सामुदायिक विज्ञान संकाय, पीएचडी कृषि एवं उद्यान संकाय के छात्र/छात्राओं को बीएससी, एमएससी व पीएचडी की उपाधियां प्रदान की गयीं, जिसमें वैष्णवी सिंह को स्वर्ण पदक और होम साइंस में कुलपति स्वर्ण पदक भेंट किया। कु. समीक्षा को कृषि स्नातक में स्वर्ण पदक, आलोक कुमार को रजत पदक, चन्द्रगुप्त मौर्य को कांस्य पदक प्रदान किया गया। उद्यान स्नातक में सौरभ दत्ता को स्वर्ण पदक, शिवांगी पाण्डेय को रजत पदक, मेघालाल को कांस्य पदक प्रदान किया गया। वानिकी क्षेत्र में सीजल साहू को स्वर्ण, ऋतिका को रजत, मुस्कान सिंह को कांस्य पदक प्रदान किया गया। गृह स्नातक में श्रृद्धा यादव को रजत, प्रगति सिंह को कांस्य पदक प्रदान किया गया। कृषि परास्नातक में मानसी शुक्ला को स्वर्ण पदक, स्तुति मौर्या को रजत पदक, दीक्षा सिंह को कांस्य पदक तथा उद्यान परास्नातक में जयश्री सिंह को स्वर्ण पदक, जागृति पाठक को रजत पदक, पीयूष प्रताप कुशवाहा को कांस्य पदक प्रदान किया गया। वानिकी परास्नातक में शिवम राघव को स्वर्ण पदक, साम्भवी अवस्थी रजत पदक तथा प्रशांत कुमार को कांस्य पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र प्रताप सिंह, आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, डीएम नगेन्द्र प्रताप, एसपी अंकुर अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. एसके सिंह, विधायक नरैनी ओममणि वर्मा सहित एडीएम राजेश कुमार, प्रबन्ध परिषद एवं विद्वत परिषद के सम्मानित सदस्यगण, आमंत्रित अतिथिगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारीगण, छात्र एवं छात्राएं, उपस्थित रहे।

### खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता : हरिश्चंद्र

**बांदा।** दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. हरिश्चन्द्र गुप्ता ने कहा कि बुन्देलखण्ड में कृषि क्षेत्र को बढ़ाने के साथ खाद्यान उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे कि इस क्षेत्र की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की उन्नति हो सके। बुन्देलखण्ड में मोटे अनाजों की खेती को पुनर्जीवित करने के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता बढाने तथा कुशल मानव संसाधन विकास के लिए उच्च संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें, जिससे हमारा विश्वविद्यालय विश्व रैकिंग की प्रतिस्पर्धा में शामिल हो सके। उन्होंने सौर्य उर्जा आधारित फसलों की सिचाई को बढावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अलसी व तिल की नयी प्रजातियों के विकसित होने से तिलहन उत्पादन में वृद्धि होगी। श्रीअन्न की खेती एवं दलहन, तिलहन की खेती के लिए यह क्षेत्र उपयोगी है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में और अधिक शोध कार्यों को किये जाने तथा ग्रामीण कृषि अनुसंधान को और प्रभावी किये जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों तथा शोध कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## राज्यमंत्री ने विकास कार्यो का निरीक्षण कर की समीक्षा बैठक

■ चित्रकूट



राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) ने गुरूवार को विकास कार्यो का निरीक्षण कर अधिकारियो के साथ बैठक कर समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि गौशाला में 595 गोवंश संरक्षित है। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की बीच-बीच में गोबंशो का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराते रहे कोई भी गोवंश बीमार नहीं होना चाहिए तथा अच्छी तरह से भरण पोषण की व्यवस्था करे। उधर राज्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायती राज विभाग के नव चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2017-18 में विज्ञप्ति के माध्यम से हुई थी जो अब निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से इस भर्ती को किया गया है। वही राज्यमंत्री ने शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी में मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि आज इस पावन भूमि पहाड़ी ग्राम में शांति देवी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस विद्यालय के बच्चे बहुत ही संस्कारिक है आज हमारे देश के अंदर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा हमारा मिशन नारी शक्ति का कार्यक्रम चल रहा है। तत्पश्चात माननीय प्रभारी मंत्री ने विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम शांति देवी, द्वितीय आकांक्षा देवी एवं तृतीय चांदनी देवी को प्रशस्ति पत्र व सील्ड देकर सम्मानित किया।

### पुलिस ने खोए हुए चार मोबाइल किए बरामद

**बांदा।** पैलानी थाना पुलिस ने चार खोए हुए मोबाइल बरामद करने के बाद उनके स्वामियों को बुलाकर सौंप दिए। थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम नरी के रहने वाले सन्तराम पुत्र विशम्भर, ग्राम पैलानी के रहने वाले सतेन्द्र यादव पुत्र रामलाल, ग्राम सिन्धनकला के रहने वाले राजेश सिंह पुत्र बोधन सिंह व खप्टिहांकला के रहने वाले मंजीत पुत्र सब्बीर ने थाना पैलानी में अपने मोबाइल फोन कहीं गिर जाने व काफी खोजबीन करने के बाद भी न मिलने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस ने सभी प्रार्थना पत्र देने वालों को बुलाया और उन्हें बरामद किए गए मोबाइल सौंप दिए।

## मां से विवाद पर बेटे ने जहर खा जान दी

**बांदा।** मां से मामूली बात को लेकर हुए विवाद में बेटे ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के अहार गांव निवासी 22 वर्षीय उमेश पुत्र राजेद्र कुमार ने बुधवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के ताऊ बिंदा प्रसाद ने बताया कि उमेश अपने पिता की इकलौती संतान था। वह अपने पिता के साथ मुम्बई में रहता था। वह एक माह पहले मुम्बई से गांव आया था। उमेश बुधवार को भैस की दवा लेने बाजार गया था। किसी बात को लेकर मां से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विधिक साक्षरता शिविर में दी गई कानूनी जानकारियां

**बांदा।** महिलाओं को कानूनी जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है। पैलानी तहसील सभागार में गुरुवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को निशुल्क मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में बताया गया। एडीजे श्रीपाल सिंह के अलावा एसडीएम भी शिविर में मौजूद रहे। कहा गया कि जब महिलाएं विधिक रूप से जागरूक होगी तो परिवार भी जागरूक होगा।

पैलानी तहसील सभागार में अपर जिला जज श्रीपाल सिंह, एसडीएम पैलानी शशिभूषण मिश्र, तहसीलदार पैलानी विकास पांडे की अगुवाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने निशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श आपका अधिकार हमारा कर्तव्य पर कहा कि मुफ्त कानूनी सहायता के लिए 15100 हेल्पलाइन का इस्तेमाल करें, साथ ही साथ महिलाओं को कानूनी अधिकार के बारे में विस्तार से बताया। महिलाओं के लिए निशुल्क विधिक सहायता व वन स्टाफ सेंटर के विषय में विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम श्री मिश्र ने कहा कि महिलाओं को कानूनी अधिकार की जानकारी होना जरूरी है।

## दीपावली पर्व सिर पर, छह माह से नहीं मिला मानदेय

**बांदा।** ड्यूटी में अगर विलंब हो जाए तो आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को डांटा-फटकारा जाता है। लेकिन उन्हें छह महीने से मानदेय नहीं मिला है। उनके घरों का चूल्हा जलना मुश्किल है, यह समस्या किसी को नजर नहीं आ रही है। गुरुवार को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। कहा कि वह कर्ज लेकर अपना खर्च चला रहे हैं। कर्मचारियों ने दीपावली पर्व के पहले छह माह का मानदेय दिए जाने की मांग की है।

मेडिकल कालेज में सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पांच सैकड़ा से अधिक आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती की गई है। यह आउट सोर्सिंग कर्मचारी रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। रक्षाबंधन जैसे पर्व पर लगभग 250 कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला, सिर्फ आश्वासन दिए जाते रहे। अब दीपावली का पर्व नजदीक है। स्वीपर अरविंद, राजू, अखिलेश आदि ने बताया कि पहले कहा गया कि 15 अक्टूबर तक मानदेय आएगा, फिर 20 तारीख का वायदा किया गया। लेकिन मानदेय नहीं आया। त्योहार सिर पर है।

आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने कहा कि वह कर्ज लेकर किसी तरह से घर का चूल्हा जला रहे हैं। गुरुवार को दोपहर आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने लामबंद होकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। कर्मचारियों ने मांग की है कि त्योहार के पहले छह महीने का मानदेय दिलाया जाए। इधर, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एसके कौशल ने कहा कि शासन स्तर पर पत्राचार किया गया है, त्योहार के पहले कर्मचारियों को मानदेय मिलेगा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक पोल से भिड़ी, छात्र की मौत

**बांदा।** एक ही बाइक में घूम रहे तीन छात्रो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सड़क किनारे लगे बिजली पोल से भिड़ गई। इसमें एक छात्र की मौके पर मौत हो गई। पीछे बैठे दो साथी। छात्र घायल हो गए। दोनो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रक समेंत चालक मौके से फरार हो गया।

चित्रकूट जिला के छीवो गांव निवासी 21 वर्षीय शुभम दुबे पुत्र संतोष दुबे अतर्रा मे बीएससी का छात्र था। वह नरैनी रोड पर किराए का कमरा लेकर रहता था। बुधवार की रात वह साथी छात्र 21 वर्षीय संजय, 22 वर्षीय विजय, के साथ बाइक में घूम रहा था। तभी पीछे से आ रहे। ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक आनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से भिड़ गई। जिससे तीनो छात्र घायल हो गए। तीनो को सीएचसी अतर्रा ले जाया गया। जहां उपचार होने से पहले शुभम ने दब तोड़ दिया। विजय संजय का इलाज किया जा रहा है। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## पत्रकार चौराहे का हो निर्माण और प्रेस कांफ्रेंस हेतु भवन का हो आवंटन

### पत्रकारों के ऊपर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाए



**चित्रकूट ।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री एवं चित्रकूट के प्रभारी मंत्री मन्नू लाल कोरी को प्रेस क्लब ऑफ यूपी ने पत्रकारहितों से जुड़ी मांगों वाला नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा । प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष अनुज हनुमत की अगुवाई में पत्रकारों ने नौ सूत्रीय ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा । उपरोक्त ज्ञापन में प्रेस क्लब ऑफ यूपी ने पत्रकारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा हेतु कैशलेश कार्ड और आवासीय भवन जैसी सुविधाओं समेत कई तरह की योजनाओं के लाभ हेतु ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा । प्रेस क्लब ऑफ यूपी ने अपने ज्ञापन में मांग की , पत्रकारों के लिये जनपद में आवासीय कालोनी का निर्माण कराया जाये, जिससे पत्रकारों के परिवार को आवास की सुविधा मिल सके। पत्रकार चौराहे का निर्माण हो ( दिवंगत पत्रकारों की स्मृति में ) । सूचना विभाग के कार्यालय का निर्माण तीव्रगति से पूर्ण हो। जनपद चित्रकूट में पत्रकारों के ऊपर पंजीकृत मुकद?मों को वापस लिया जाये। दिवगंत पत्रकारों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक मदद परिवारीजनों को उपलब्ध कराई जाये । गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को स्वास्थ्य सम्बन्धी कैशलेस कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सुरक्षा जनपद स्तर पर सुनिश्चित की जाए । पत्रकारों के हित में प्रेस क्लब ऑफ यूपी का जनपद में कार्यालय हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा एक भवन आवंटित किया जाये । प्रभारी मंत्री मन्नू लाल कोरी ने प्रेस क्लब ऑफ यूपी की मांगों का संज्ञान लेते हुए कहा कि वह पत्रकारों से जुड़े उपरोक्त विषयों को लेकर सीधे मुख्यमंत्री से शासन स्तर पर बातचीत करेंगे । इस मौके पर प्रेस क्लब ऑफ यूपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर मिश्र , जिला सचिव अवध बिहारी मौर्य , जिला मंत्री प्रशांत त्रिपाठी समेत प्रेस क्लब ऑफ यूपी की समस्त टीम मौजूद रही ।

## डेंगू के 1 सौ 30 केस मिले हैं

## जलजमाव के कारण शहरी और ग्रामीण इलाकों में बढ़ गया है मच्छरों का प्रकोप

**>> बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से करें संपर्क, कराएं खून की जांचः डीभीडीसीओ**



**( वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**

**मोतिहारी।** शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, हर जगह लोग मच्छरों के पनपने एवं काटने से परेशान हैं। मच्छरों के काटने से डेंगू का खतरा बढ़ गया है। पूर्वी चम्पारण के डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि बरसात के बाद जलजमाव होने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है, जिससे डेंगू के मरीजों के बढ़ने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने बताया कि जिले में डेंगू के 1 सौ 30 केस मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को मच्छरों से बचाव करने और सचेत रहने की सलाह दी जाती है और डेंगू प्रभावित इलाकों में 500 मीटर के दायरे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा छिड़काव करवाया जा रहा है। शुक्रवार को कोटवा, अहरौलिया के धीरज कुमार के घर के 500 मीटर के दायरे में मलेरिया ऑफिस के कर्मचारी जाकिर व अन्य लोगों के द्वारा भीडीसीओ रविंद्र कुमार व डीभीडीसीओ कंसल्टेंट अभिषेक कुमार की देखरेख में फॉगिंग कराया गया।

**दिन में सोते समय भी लगाएं मच्छरदानीः**

पूर्वी चम्पारण के सीएस डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू एडिस मच्छर के काटने से होता है। यह पानी जमने के बाद पनपता है। इसमें बुखार लगने के साथ ब्लड का प्लेटलेट घट जाता है और व्यक्ति अत्यधिक कमजोर हो जाता है। समय पर इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा भी साबित होता है। इस बावत जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा भी समय समय पर फॉगिंग कराया जाता है। इसलिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। आसपास का इलाका स्वच्छ रखें। मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रिज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें। गमला, फूलदान का पानी हर दूसरे दिन बदल दें। घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी सतर्कता जरूरी है।




गुरुवार को नई दिल्ली में वर्ल्डस्किल्स के सम्मान समारोह में शामिल हुए कौशल विकास और उद्यमिता और शिक्षा राज्य मंत्री, जयंत चौधरी।

# भाजपा करती है बिहार- यूपी के लोगों को अपमानित : संजय सिंह

● नई दिल्ली,

**आम** आदमी पार्टी (आप)ने गुरुवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल छठ पूजा पर शानदार व्यवस्था करके पूर्वांचल के लोगों के साथ खड़े होते हैं और भाजपा (भाजपा) बिहार-उत्तर प्रदेश के लोगों को अपमानित करती है।

'आप' राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को यहां कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश-बिहार और पूर्वांचल के लोगों को अपमानित करती है। दिल्ली में पहले छठ के कितने घाट हुआ करते थे और आज कितने घाट हैं। छठ घाटों के लिए कितनी प्रकार की सुविधाएं हैं, इसका भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है। भाजपा के एक पार्षद ने ग्रेटर कैलाश के इलाके में छठी मईया का घाट तोड़ दिया था। छठी मैया का घाट तोड़ने वाले लोग आज छठ



पूजा के बारे में बोल रहे हैं। सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में हमेशा छठ पूजा के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई और उसे भव्य तरीके से आयोजित करने की व्यवस्था की है। इस बार आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह से छठ पूजा के भव्य आयोजन में दिल्ली, उत्तर प्रदेश-बिहार और पूर्वांचल के लोगों के साथ पूरा सहयोग करेगी और अच्छे तरीके से छठ पूजा संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि अब तो कोर्ट भी मान रहा है कि हरियाणा प्रदूषण को बढ़ा रहा है और पंजाब कम कर रहा है। भाजपा और मोदी जी की दुश्मनी आम आदमी पार्टी से सकती है।



गुरुवार को झारखंड के गिरिडीह के गांडेय में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करतीं कल्पना मुर्मु सोरेन ।

## सार संक्षेप

### हिंदी और तमिल में बनेगी अभिनेता आमिर खान की फिल्म 'गजनी 2'



**मुंबई:** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनायी जा सकती है। वर्ष 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा। साथ ही इसे एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज भी किया जाएगा। हिंदी में गजनी 2, आमिर खान जबकि तमिल में यह फिल्म सूर्या के साथ बनायी जा सकती है। गजनी 2 को लेकर मेकर्स आमिर खान से मिले थे। उन्हें सीक्वल का आइडिया भी शेयर किया था। हाल ही में सूर्या ने भी कहा था कि गजनी 2 प्रोसेस में हैं और ये बन सकती है। अभी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है।

### साइबर ठगी करने वाले गिरोह के दस सदस्य गिरफ्तार

**भागलपुर:** बिहार में भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने अंतरराज्यीय संगठित साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर इसके दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक एस. रामदास ने गुरुवार को यहां बताया कि जिले में प्रतिबिब पोर्टल की निगरानी के दौरान एक संदिग्ध मोबाइल नंबर के साइबर धोखाधड़ी की सूचना मिलने पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आज बरारी क्षेत्र के मनाली चौक के पास एक मकान में अवस्थित फर्जी सेल्स एडवरटाईजेटमेंट सेन्टर सहित अन्य ठिकानों पर छापा मारा। रामदास ने बताया कि इस दौरान टीम ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड राहुल उर्फ जिशान अली सहित कुल दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### शराबबंदी को लेकर जदयू राजद में मचा घमासान

**पटना:** बिहार में शराबबंदी को लेकर सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एक दूसरे पर कटाक्ष करते हुए एक दूसरे के लिए नया नया नामकरण भी किया। राजद ने जहां बिहार में जहरीली शराब से हो रही मौतों और अवैध शराब की तस्करी को लेकर जदयू का फुलफोर्म जहां दारू अनलिमिटेड' कहा तो जदयू ने भी तीखा पलटवार किया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान परिषद के सदस्य नीरज कुमार ने गुरुवार को राजद का नया नामकरण किया। उन्होंने कहा कि 'राजद मतलब राष्ट्रीय जहरीला दल' है। कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जहरीला दल यानी राजद वैसी पार्टी है, जिसने समाज में जहर घोला. जाति, धर्म, अपराध, हत्या, फिरौती, अपहरण को बढ़ाया. और राजद वाले तो भ्रष्टाचार के कुल शिरोमणि हैं ही।

# बीआरआईसी में एंट्री पर पाक को झटका

## पाकिस्तान को छोड़ 13 देशों को मिला दर्जा, इसमें 7 मुस्लिम बहुल देश

● नई दिल्ली, एजेंसी

**बीआरआईसी** समिट 2024 का आयोजन रूस के कजान में हुआ। इस दौरान इफ्क्ष्र ने 13 देशों को पार्टनर देश का दर्जा दिया है। इसमें अल्जीरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, नाइजीरिया, तुर्की, उज्बेकिस्तान को मिलाकर 7 मुस्लिम बहुल देश हैं। इसमें पाकिस्तान को जगह नहीं मिली है। पाकिस्तान ने बीआरआईसी देशों में शामिल होने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन उसे पार्टनर देशों में भी जगह नहीं मिल पाई। पार्टनर देश बीआरआईसी के औपचारिक सदस्य नहीं होंगे, लेकिन संगठन की प्लानिंग का हिस्सा होंगे।

इस बार 30 से ज्यादा देशों ने बीआरआईसी की मेंबरशिप के लिए आवेदन किया था। बीआरआईसी समिट में बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने कहा था कि अब नए देशों को शामिल किए जाने से पहले ये ध्यान रखा जाएगा कि इससे संगठन की कार्य क्षमता पर कोई असर न पड़े। पाकिस्तान को पार्टनर देशों में शामिल न होने लेकर 18 अक्टूबर को रूस के डिप्टी पीएम ने बताया था कि इस पर सदस्य देशों में आम सहमति बन पाई है। दूसरी तरफ बीआरआईसी देशों के उभरते हुई अर्थव्यवस्था और बाजार वाले क्राइटेरिया में पाकिस्तान फिट नहीं बैठता है। कमजोर इकोनॉमी- फाइनेंस सबसे बड़ी वजह है। बीआरआईसी सीधे तौर पर दुनिया का सबसे संपन्न माने जाने वाले आर्थिक संगठन जी7 को टक्कर देता है। ऐसे में पाकिस्तान को इसमें शामिल करने से संगठन आर्थिक रूप से कमजोर होगा। पाकिस्तान के



ब्रिक्स में शामिल होने से संगठन की हालत सार्क जैसी न हो जाए। दरअसल, सार्क संगठन साउथ एशियाई देशों में तालमेल बैठाने के लिए बनाया गया था। भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका इसके सदस्य देश हैं।

हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच सख्त मतभेदों की वजह से संगठन ठीक से काम नहीं कर पाता है। जिससे उसकी अहमियत पर सवाल खड़े होते हैं। बीआरआईसी में पाकिस्तान के शामिल होने से उसकी स्थिति सार्क जैसी होने की काफी संभावनाएं हैं। तीसरी और आखिरी वजह पाकिस्तान की विदेश नीति है। जो कॉन्क्रीट नहीं है। पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर पार्टनर ढूंढता है। फिर उनसे मदद मांगता है। पाकिस्तान कर्ज जीवी है यानी कर्ज के सहारे जीने वाला।रूस में आज बीआरआईसी प्लस की मीटिंग में भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हिस्सा लिया। इस दौरान जयशंकर ने कहा कि बीआरआईसी इस बात का सबूत है कि दुनिया बदल रही है। बीआरआईसी ग्लोबल साउथ में वास्तविक बदलाव ला सकता है। बीआरआईसी समिट 2024 में बुधवार को पीएम मोदी ने समिट से अलग चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय बैठक की थी। दोनों के बीच 5 साल बाद हुई इस मीटिंग में सीमा विवाद को जल्द से जल्द निपटाने, आपसी सहयोग और आपसी विश्वास को बनाए रखने पर जोर दिया गया।

# 2027 तक राजस्थान बिजली क्षेत्र में होगा आत्मनिर्भरः शर्मा

● अलवर,

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि वर्ष 2027 तक हम बिजली के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो जायेंगे और उसके बाद हम किसानों को रात में नहीं दिन में बिजली देंगे, जिससे किसान भी रात में नींद ले सकें।

शर्मा ने गुरुवार को रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सुखवंत सिंह की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के काम करती है और सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिये घोषणायें करती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। यह पहला बजट है और यह ट्रेलर है। अभी और भी बजट आयेंगे। सरकार राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाना चाहती है और देश का पहला राज्य होगा, जो पूर्ण रूप से विकसित होगा। शर्मा ने कहा कि जो घोषणायें हमने अपने संकल्प पत्र में पांच वर्ष के लिये की थीं, उनमें से 50 फ़ीसदी घोषणायें मात्र 10 महीने में पूरी कर दी और बाकी संकल्प पत्र में किये गये सभी वायदे लगातार पूरे किये जाने के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठ और लूट की बात करते हैं। अफवाह फैलाते हैं। लोगों को सपने दिखाते हैं कि भाजपा पूर्वी राजस्थान नहर



परियोजना (ईआरसीपी) कहां से ला रही है। जब उनका राज था तो उन्होंने इस संबंध में बात भी नहीं कि अब भाजपा की सरकार बनते ही ईआरसीपी की बात कर रही है।

शर्मा ने कहा कि वह कह रहे हैं कि पानी कितना लेकर आयेंगे, हमने कहा कि जो हमने वायदा किया है, उससे ज्यादा पानी लेकर आयेंगे। हमने इस संबंध में करार कर लिया है और अब उसका शिलान्यास करने जा रहे हैं। उन्होंने यमुना समझौते का जिक्र करते हुये कहा कि हरियाणा में हुये विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कहा था कि अगर कांग्रेस की सरकार हरियाणा में बनी तो राजस्थान से यमुना समझौता रद्द कर देंगे । उन्होंने कहा कि जब मैं चुनाव प्रचार के लिये हरियाणा गया और कहा कि सरकार आएगी तभी तो रद करोगे और हरियाणा में पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है।

### हनीट्रैप गिरोह का पर्दाफाश

**बाड़मेर:** राजस्थान में बाड़मेर में सोशल मीडिया पर एक युवक से दोस्ती करके मिलने के बहाने बंधक बना कर मारपीट एवं अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 21 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले का खुलासा करते हुये पुलिस ने एक युवती सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार मीना ने बताया कि 23 अक्टूबर को धनाऊ निवासी मुकेश कुमार विश्नोई ने थाना सदर में शिकायत की कि एक युवती करीब उसे इंस्टाग्राम पर संदेश भेजती है। उसने 22 अक्टूबर को जरूरी काम होना बताकर उसे बाड़मेर बुलाया, जहां उसने और उसके साथियों धोलाराम, पप्पू राम, हनुमान एवं कालूराम ने उसे बंधक बनाकर अश्लील फोटो एवं वीडियो बनाई।

### चलती कार में अचानक लगी भीषण आग

**मुरैना:** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज एक चलती लग्जरी कार में भीषण आग लग गई, लेकिन चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचा ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुरैना के ग्राम डोमपुरा निवासी मर्दान सिंह सुबह ग्वालियर से कार द्वारा मुरैना आ रहा था। तभी सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित नहर के समीप कार से अचानक धुंआ उठता देख चालक मर्दान सिंह ने कार को सड़क किनारे रोककर कार से कूद गया और देखते ही देखते कार आग का गोला बन गयी। आग लगने के बाद घण्टों मार्ग अवरुद्ध होने से जाम लग गया।आग की सूचना मिलते ही तत्काल अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंच गया और आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### टायर फटने से कार पलटी, पांच की मौत

**जयपुर:** राजस्थान में सिरोही जिले में ब्यावर पिंडवाड़ा राजमार्ग पर टायर फटने से एक कार अनियंत्रित होकर पलट गयी, इससे कार में सवार गुजरात के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक महिला घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार के लोग कार से गुजरात से जोधपुर जा रहे थे। सिरोही जिले में ब्यावर पिंडवाड़ा मार्ग पर अचानक कार का टायर फट गया, इससे कार अनियंत्रित होकर कई पलटी खाकर सड़क के दूसरी ओर जा गिरी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रताप भाई, रामूराम, उषा बेन, पुष्पादेवी और एक वर्षीय बालक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल शारदा का उपचार किया जा रहा है।



गुरुवार को 13 नवंबर को वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा उपचुनाव के लिए जिला कलेक्टर डीआर मेघाश्री के समक्ष नामांकन दाखिल करतीं भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास।

# बुनियादी ढांचे पर साझेदारी को तैयारः सीतारमण

● वाशिंगटन,

**केंद्रीय** वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को यहां कहा कि भारत अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के साथ उनके बुनियादी ढांचे के लचीलेपन को मजबूत करने के लिए साझेदारी करने के वास्ते तैयार है।

सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक 2024 के अवसर पर आपदा रोधी अवसंरचना पर गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। गोलमेज सम्मेलन में जाम्बिया के वित्त मंत्री सितुम्बेको मुसोकोटवाने, भूटान के वित्त मंत्री ल्योंडो लेके दोरजी, मेडागास्कर के परिवहन एवं मौसम विज्ञान मंत्री वालेरी रामोनजावेलो, अंगोला के योजना मंत्री विक्टर 'गो गिलहर्मे, कोमोरोस के वित्त मंत्री , कांगो की संसाधन मंत्री सादा मकुया



सालुम, ज़ांज़ीबार की वित्त मंत्री आदि ने भाग लिया। इसमें इथोपिया की वित्त मंत्री, इक्वेटोरियल गिनी की वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्री, यूएसएड पॉलिसी के प्रतिनिधि, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के जलवायु परिवर्तन के प्रतिनिधि और फ्रांसीसी जलवायु दूत आदि भी मौजूद थे। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज की प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ लचीलापन और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हमारे बुनियादी ढांचे प्रणालियों को बदलने के लिए आपदा लचीला बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन सीडीआरआई बनाया। उन्होंने बुनियादी ढांचे और इसके द्वारा समर्थित महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए जलवायु-प्रेरित जोखिमों को बढ़ाकर विकास लाभों को कम करने के खतरे पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने न केवल मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश करके, बल्कि राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन एजेंसियों के निर्माण के माध्यम से संस्थागत क्षमता का निर्माण करके लचीला आर्थिक विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि 2020 में चक्रवात अम्फान के दौरान, भारत ने समन्वित तरीके से 24 लाख से अधिक लोगों को निकाला, जिससे जानमाल का नुकसान कम हुआ।

# इमरान की पत्नी बुशरा को तोशाखाना मामले में जमानत



● नई दिल्ली, एजेंसी

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना से जुड़े मामले में जमानत मिल गई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बुशरा को 10 लाख रूपए की जमानत पर रिहा किया है। बुशरा पिछले 9 महीनों से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद थी। यहां से उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रिहा किया गया।

बुशरा रिहाई के बाद बुशरा बानी गाला में मौजूद पर अपने घर के लिए रवाना हुई। यहां वो पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगी। उनकी रिहाई की जानकारी ढळकने एक्स पर पोस्ट कर दी। इससे पहले इमरान खान और बुशरा, 13 जुलाई को इद्दत यानी फर्जी निकाह केस में बरी कर दिया था। हालांकि इसके कुछ घंटे बाद ही दोनों को नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) ने उन्हें जेल में ही गिरफ्तार कर लिया था। इमरान खान अभी भी इसी जेल में बंद हैं।इमरान 3 अलग-अलग मामलों में 350 दिनों से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद की स्थानीय कोर्ट ने उन्हें 5 अगस्त, 2023 को तोशाखाना केस में दोषी करार दिया था। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद के जमान पार्क स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बाद में उन्हें 2 और मामलों में दोषी करार दिया गया था। हालांकि इन सभी मामलों में इमरान को बरी किया जा चुका है। 13 जुलाई को फर्जी निकाह मामले में रिहाई के बाद उन्हें तोशाखाना से जुड़े दूसरे मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था। बुशरा बीबी के पूर्व पति, खावर फरीद मनेका ने बुशरा और इमरान पर आरोप लगाया था कि दोनों ने गैर इस्लामिक तरीके से शादी की है। बुशरा के तलाक के बाद इद्दत का समय पूरा होने से पहले ही खान ने उनसे शादी कर ली थी। इस मामले में 3 फरवरी को बुशरा और इमरान को दोषी ठहराया गया था। उन्हें 7 साल की सजा और 5 लाख पाकिस्तानी रूपए का जुमार्ना लगाया था। इस केस में दोनों को 13 जुलाई को रिहाई मिली। इससे पहले इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने 3 जून को इमरान खान को सबूतों के अभाव में साइफर केस (सीक्रेट लेटर चोरी) में बरी कर दिया था। उनको इस्लामाबाद की विशेष अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई थी। इमरान खान को 29 अगस्त 2023 को साइफर गेट स्कैंडल में हिरासत में लिया गया था। तोशाखाना केस में खान को 1 अप्रैल को रिहा कर दिया गया था। उनकी 14 साल की सजा को रद्द कर दिया गया था।

तोशाखाना से जुड़ा दूसरे मामले में इमरान को 13 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। ये केस तोशाखाना के पहले मामले का फॉलो-अप था।

# नेतन्याहू के खिलाफ युद्ध अपराध के आरोप लगाने वाले अभियोजक पर दुराचार का आरोप



**हेग।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक जब इस साल युद्ध अपराध के आरोप लगा रहे थे तो उसी समय स्वयं पर भी आरोप लगाया गया कि उन्होंने एक महिला सहयोगी को यौन संबंध बनाने के लिए वर्ष भर से अधिक समय तक मजबूर करने का प्रयास किया। अभियोजक करीम खान ने इन आरोपों से इनकार किया है और न्यायालय के अधिकारियों ने सुझाव दिया है कि ये आरोप बदनाम करने के लिए इजराइली खुफिया अभियान के तहत लगाए गए होंगे। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ने आईसीसी की स्वतंत्र निगरानी संस्था के साथ साझा किए गये दस्तावेजों और आठ आईसीसी अधिकारियों और महिला के करीबी व्यक्तियों से पूछताछ के माध्यम से आरोपों का विवरण जुटाया। एपी द्वारा की गई पड़ताल के कुछ प्रमुख निष्कर्ष यहां दिए गए हैंः क्या आरोप लगाये गए हैं एपी से साझा किये गए आरोपों में से एक यह है कि खान ने आईसीसी में दूसरे विभाग में काम करने वाली महिला को देखा और उसे अपने कार्यालय में ले आए, इस स्थानांतरण में वेतन वृद्धि भी शामिल थी। लंदन में एक निजी रात्रिभोज के बाद कथित तौर पर उसके साथ समय बिताया। इसके बाद, वह महिला आधिकारिक यात्राओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकों में मौजूद रहने लगी। दस्तावेजों के अनुसार, ऐसी ही एक यात्रा के दौरान, खान ने कथित तौर पर महिला को होटल में बिस्तर पर अपने साथ आराम करने के लिए कहा और फिर उसे कामुक रूप से छुआ।

CMYK

संपादकीय

# विमानों को धमकियां

**विमानों** को बम से उड़ाने की धमकी देने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। गुरुवार को 85 विमानों को धमकी मिली। विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां गंभीर है। इससे भी ज्यादा गंभीर बात यह है कि सरकार इस मामले में कुछ खास नहीं कर पा रही है। सवाल यह है कि मिलने वाली धमकियां असली हैं या फेक? यह पता लगाना जरूरी है कि आखिर इतनी धमकियां एक साथ कैसे मिल रही हैं? क्या सरकार के पास यह पता लगाने का कोई टूल नहीं है कि धमकियां कहां से मिल रही हैं और कौन दे रहा है? क्या यह हैरत की बात नहीं है कि पिछले 11 दिनों में 255 से ज्यादा विमानों में बम की धमकियां मिल चुकी हैं? इससे एविएशन सेक्टर को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। 23 अक्टूबर को ही इन धमकियों को लेकर आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा था कि इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए आपने क्या किया है? ये जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे हैं। क्या हमारा आईटी मंत्रालय इतना असक्षम है कि वह धमकी देने वालों को ट्रेस नहीं कर पा रहा है? मुंबई और कोच्चि से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुंबई से एक व्यक्ति और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। दोनों ने इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी दी थी। वहीं, केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार को एक यात्री को बम की धमकी देने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। इन लोगों से क्या पता चला है, यह अभी सामने नहीं आया है। एजेंसियों का कहना है कि अभी तक जितनी भी धमकियां मिली हैं। सभी की जांच की जा रही है। सवाल यह है कि क्या विमानों को बमों से उड़ाने की धमकियां भारत के बाहर से भी किसी देश से दी जा रही हैं? इस बारे में फिलहाल जांच एजेंसियां किसी भी देश का नाम नहीं ले रही हैं। एजेंसियों का कहना है कि तफ्तीश जारी है। इसी के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। लेकिन अभी तक एजेंसियों के पास धमकी देने वाले मामले में ऐसा कुछ हाथ नहीं लगा है, जिससे धमकियों के इस दौर को अपने स्तर पर रोका जा सके। लगातार मिल रही धमकियों से उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। एयर लाइंसों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ की कड़ी सुरक्षा के चलते यात्रियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**क्या विमानों को बमों से उड़ाने की धमकियां भारत के बाहर से भी किसी देश से दी जा रही हैं? इस बारे में फिलहाल जांच एजेंसियां किसी भी देश का नाम नहीं ले रही हैं।**

पाठकवाणी

## बारिश कर गई कमियां उजागर

**हर** वर्ष की भांति बारिश आती है और चली जाती है। बारिश कई पोल पट्टी व क्षेत्रों की समस्याएं उजागर कर जाती है। बारिश के बाद विकास पानी-पानी दिखता है। न्यूज चैनल हो या समाचार पत्र या सोशल मीडिया पर खबरें आती रहती हैं कि गांवों-कस्बों, शहरों की नदियों, खालों, नालों पर पुल व पुलिया ना होने के कारण जान जोखिम में डालकर महिलाएं, पुरुष, स्कूल जाने वाले बच्चे नदियों, नालों को पार करते हैं। कई बार इन वर्षाजनित हादसों में मौतें भी हो जाती है। लेकिन विडंबना की बात है कि बारिश के गुजर जाने के बाद इन जोखिम भरी परेशानियों/समस्याओं की ओर कोई भी ध्यान नहीं देता। जब पुनः बारिश का दौर शुरू होता है तो वही खबरें, दृश्य व तस्वीरें उभर कर सामने आती हैं। जबकि स्थानीय स्तर से लेकर क्षेत्रीय विधायक व सांसद जैसे प्रतिनिधि जनता के द्वारा चुने जाते हैं। इन जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे इन प्रकाशित होने वाले सचित्र समाचारों पर विशेष ध्यान दें। जनप्रतिनिधियों को पूरी जिम्मेदारी समझते हुए इन नदियों, नालों और खालों पर पुलों, पुलियाओं का निर्माण प्राथमिकता के साथ कराना चाहिए, ताकि आम जनों की आवा-जाही सुरक्षित हो सके व जान जोखिम में डालने की नौबत ना आए। लेकिन बारिश बीत जाने के बाद सब कुछ शांत हो जाता है और अगली बारिश का इंतजार होने लगता है।

-**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**, खाचरोद, उज्जैन

कुछ खास



इस देश की मिट्टी में सबकी महक और आजादी में सबका योगदान है। मैं हरेक व्यक्ति को भरोसा दिलाता हूं कि जब तक मेरी सांस है। मैं बिहार को बिहार को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने वाले हरेक व्यक्ति के सामने डट कर खड़ा रहूंगा।

-**तेजस्वी यादव**, राजद प्रमुख

आज का ट्वीट



''राहुल गांधी के बयान आप मुश्किल से निकाल पाएंगे जिसमें किसी मुद्दे पर पीछे कुछ बोले हों और आज कुछ बोले हों...राहुल गांधी विजन की दृष्टि से साफ आदमी हैं।''

-**राजीव रंजन**

साइबरवर्ल्ड

## ब्रिक्स से क्या हासिल हुआ?

**पुतिन** ने दुनिया को ये दिखाना चाहते थे कि रूस एक वैश्विक बहिष्कृत देश नहीं है और इस सम्मेलन में 38 देशों की उपस्थिति इस बात का सबूत है कि वह अलग-थलग नहीं है। पुतिन ने अपने मकसद को हासिल कर लिया। शी जिनपिंग का उद्देश्य था कि एक ऐसा व्यवस्था और विनिमय तंत्र तैयार किया जाए, जो ब्रिक्स देशों को अमेरिकी प्रभुत्व से दूर रखे और विश्व बैंक और आईएमएफ के विकल्प के तौर पर एक वैश्विक वित्तीय ढांचा तैयार करे। इससे सबसे अधिक फायदा चीन को ही होगा, और इस पर सहमति भी बन गई। मोदी का मकसद पश्चिमी देशों को उनकी 'निज्जर और पन्नू मामले' में भारत के प्रति अपमानजनक व्यवहार के लिए सबक सिखाना था। उन्होंने यह उद्देश्य पूरा किया। ईरान मुख्यतः पुतिन और शी के समर्थन को पक्का करने आया था, खासकर तब जब पश्चिमी देशों से और अधिक खतरनाक स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो। इसके अलावा, उन्होंने अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए समर्थन की भी तलाश की और इसमें कामयाब रहे। ब्राजील इसलिए आया क्योंकि चीन ने बुलाया था और चीन उसके सबसे बड़े निर्यात बाजारों में से एक है। दक्षिण अफ्रीका इसलिए आया क्योंकि उनके वोटर अब भी 30 साल बाद रंगभेद के मुद्दे पर नाराज हैं और ये बैठक उनके लिए सकारात्मक छवि बनाने का एक मौका था। वेनेजुएला इसलिए आया क्योंकि इतने सालों में पहली बार किसी वैश्विक सम्मेलन में उन्हें निमंत्रण मिला। बाकी सभी देश इसलिए आए, क्योंकि उन्हें रूस से सुरक्षित कीमतों पर तेल, गैस और गेहूं चाहिए। सभी इसलिए आए क्योंकि वे पश्चिमी देशों से थक चुके हैं और वे खुद को पश्चिमी प्रतिबंधों से बचाना चाहते हैं। ब्रिक्स फिलहाल के लिए एक 'डीजल जनरेटर' की तरह काम करेगा। असली 'पावर' अभी भी पश्चिमी देशों के हाथों में है, लेकिन अगर उन्होंने बिजली काट दी, तो यह जनरेटर सिस्टम को तब तक चलाए रखेगा जब तक 'डीजल' मिलता रहेगा। आखिर कौन ऐसा जनरेटर नहीं चाहेगा? अभी कोई भी पूरी तरह से एक नई ग्रिड बनाकर पूरे सिस्टम को बदलना नहीं चाहता, लेकिन अगर पश्चिमी देश ज्यादा चालाकी दिखाते हैं और प्रतिबंधों को बढ़ाते हैं, तो यही अगला कदम हो सकता है।

-**सुधांशु शेखर** की फेसबुक वॉल से

# क्या है जेनेरिक दवाओं का धंधा?



**शाहीन सबा**

**हा**ल ही में मुझे खुद को एक अनुभव मिला जब मैंने डॉक्टर की लिखी दवा पैनाम डी अपने मेडिकल स्टोर से खरीदी तो उसे छपे भाव में मिली और उसे ही जेनेरिक रूप में ओन लाइन टू मेड से मंगवाई तो 51 प्रतिशत कम में मिली यानि वह जेनेरिक थी। इसके बाद मैंने तय किया कि इसके बारे में मैं विस्तार से तफ्तीश करूंगा। मैं एक ही दवा को लेकर अलग-अलग जेनेरिक दवाइयों की दुकान पर गया। मैंने पाया कि एक ही दवा अलग-अलग दुकान पर अलग-अलग नामों से व भावों से बिक रही है। 20 रुपये की दवा की कीमत भी 80 रुपया लिखा होता है। पता करने पर पाया कि जेनेरिक दवाओं के प्रिंट रेट यानी इन दवाओं पर छपने वाली कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं है। आईएमए के सदस्य और मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर हेमंत जैन के एक लेख के अनुसार ब्रांडेड मेडिसिन पर फार्मासिस्ट को 5 से 20 प्रतिशत तक कमीशन मिलता है, पर जेनेरिक मेडिसिन की प्रिंट रेट और रीटेलर की खरीद कीमत में 50 गुना से 350 गुना तक का अंतर होता है। 10 पैसे की बी कॉम्प्लेक्स 35 रुपए तक में बिकती है। इसका आम जनता या मरीजों को उतना फायदा नहीं मिलता, जितना मिलना चाहिए। ऐसे में सरकार को जेनेरिक मेडिसिन के प्रिंट रेट पर भी लगाम लगाने की जरूरत है, वरना जनता को कोई फायदा नहीं होने वाला।

आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का 'केमिकल सॉल्ट' होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे-दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड जैसे-क्रोसिन के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि सर्दी-खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसी रोजमर्रा की तकलीफों के लिए जेनरिक दवा महज 10 पैसे से लेकर डेढ़ रुपए प्रति टैबलेट तक में उपलब्ध है। ब्रांडेड में यही दवा डेढ़ रुपए से लेकर 35 रुपए तक पहुंच जाती है।



**कई जानलेवा बीमारियों जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर जैसी बीमारियों में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है।**

बताया जाता है कि सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी करती रहती है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की। ऐसा लगभग 10 साल से सुनते आ रहे हैं पर कानून अमली जामा कब पहनेगा मालूम नहीं? इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने और सरकारी नीतियों में बदलाव को लेकर काम कर रहे जन स्वास्थ्य अभियान के डॉ. इंद्रनील मुखोपाध्याय बताते हैं- जेनेरिक दवाओं को लेकर भारत और विदेशों में काफी अंतर है। 2007 के बाद से पैटेंट कानून में कोई प्रभावी संशोधन नहीं हुआ। दूसरी बड़ी बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की कीमतों में भी भारी अंतर होता है। खास तौर पर इनकी प्रिंट रेट और खरीद कीमत में भारी अंतर होता है। ऐसे में सरकार को इन दवाओं की एवरेज प्राइसिंग करनी चाहिए। इससे दवाओं की कीमतों में बड़ा फर्क आ जाएगा। अभी किसी भी मरीज का दवाओं पर औसत खर्च 180 प्रतिशत ज्यादा है। दवा कीमतों पर नियंत्रण के बाद इसमें भारी कमी आ जाएगी।

डॉ. मुखोपाध्याय बताते हैं कि जेनेरिक दवा ब्रांडेड भी होती है। एक ही कंपनी जेनेरिक और ब्रांडेड, दोनों दवाएं बनाती है, लेकिन उनकी कीमतों में काफी अंतर होता है। ऐसे में अगर सरकार लोगों को या मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाना चाहती है तो उनकी कीमतों पर नियंत्रण जरूरी है। जेनेरिक दवाओं के मामले में भी बड़ा खेल होता है, खासतौर पर सरकारी खरीद या अस्पतालों में खरीदी जाने वाली दवाओं के मामलों में। ऐसे में इनकी कीमतों पर नियंत्रण ही मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने का रास्ता खोल सकता है।

कई जानलेवा बीमारियों जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर जैसी बीमारियों में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे-एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपए है, जबकि जेनेरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपए महीने तक हो सकता है। हालांकि इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं। जर्नल ऑफ हेल्थ इकोनॉमिक्स के मुताबिक, एक पेटेंट इनोवेटर को उस उत्पाद पर रिसर्च के दौरान किए गए खर्च या लागत को वसूलने और उससे लाभ हासिल करने की अनुमति देता है। जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी दवा के इनोवेटर या कंपनी उस दवा को बनाने से लेकर बाजार में उतारने और उसके बाद के 10-15 साल के दौरान करीब 80 करोड़ डॉलर यानी करीब 5,600 करोड़ रुपए खर्च करती है। ऐसे में पेटेंट के 20 साल के दौरान उसे इस खर्च को वसूलने और मुनाफा कमाने का मौका मिल जाता है।

डॉ. हेमंत जैन और डॉ. मुखोपाध्याय का कहना है कि अगर जेनेरिक दवा लिखना अनिवार्य होता है तो इसके साथ-साथ फार्मा सेक्टर में हजारों नौकरियों पर भी खतरा पैदा हो जाएगा। इनके मुताबिक, एक दवा को कई कंपनियां बनाती हैं। उनके प्रचार-प्रसार या उन्हें प्रमोट करने के लिए भारी भरकम स्टाफ रखती है। कई लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्ज की नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। इसका दूसरा पहलू भी है। ज्यादातर डॉक्टर्स सरकार की इस योजना का विरोध कर रहे हैं। वे आशंका जता रहे हैं कि ऐसे किसी कानून के लागू होने के बाद दवा से जुड़ी सभी शक्तियां केमिस्ट के हाथों में चली जाएंगी। उनकी दलील है कि डॉक्टर के जेनेरिक दवा लिखने के बाद केमिस्ट तय करेगा कि मरीज को कौन-सी दवा देनी है। ऐसी स्थिति में वह दवा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना वही दवा देगा, जिसकी बिक्री से उसे अधिक मार्जिन या मुनाफा हासिल होगा। फार्मा सेक्टर से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इसमें डॉक्टर्स को तो कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि उनके पास तो मरीज आते रहेंगे, लेकिन जनता को अच्छी गुणवत्ता की जेनेरिक दवा मिलेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसके बाद दवा कंपनियां सीधे स्टॉकिस्ट या केमिस्ट से संपर्क करेंगी और उसे अपनी दवा बिक्री के लिए कई तरह के लालच दे सकती हैं, जिसका नुकसान आखिरकार आम जनता को उठाना पड़ सकता है। ऐसे में सरकार को इस दिशा में भी सोच-विचार करना चाहिए। अब यह सरकार को तय करना है कि जिस कानून को वह साल दर साल दोहराती है उसे अमली जामा कैसे पहनाया जा सकता है।

अमृतवाणी

## अद्भुत चित्र

**एक** राजा के दरबार में एक चित्रकार था। वह अद्भुत चित्र बनाया करता था जिनकी सभी प्रशंसा करते थे। राजा भी उससे प्रभावित था। एक दिन उसने चित्रकार से पूछा-अच्छा यह बताओ कि कौन सी चीजों के चित्र बनाना कठिन है और ऐसी कौन सी वस्तुएं हैं जिन्हें बड़ी आसानी से बनाया जा सकता है? इस पर चित्रकार बोला-राजन, जो वस्तु हमारी जानी-पहचानी हैं जिन्हें हम रोज देखते हैं, उनका चित्र बनाना कठिन है। लेकिन अज्ञात चीजें जैसी देवी-देवता, राक्षस भूत-प्रेत के चित्र बड़े आसानी से बनाए जा सकते हैं। इस उत्तर पर राजा हैरत में पड़ गया। उसने कहा-यह तो तुम उलटी बात कर रहे। जो चीज जानी-पहचानी है उनका चित्रकार बनाना तो आसान होना चाहिए न। चित्रकार ने समझाया-जिन चीजों को लोग अच्छी तरह जानते हैं, उनकी तस्वीर बनाना इसलिए कठिन है कि लोग उनकी कमियों को आसानी से पकड़ सकते हैं। उनके दिमाग में उन वस्तुओं की एक छवि बनी रहती है जिससे वे हमारे चित्रों का मिलान करने लगते हैं। लेकिन जिन चीजों को उन्होंने देखा ही नहीं है उसके बारे में कोई निश्चित छवि वे अपने भीतर नहीं बना पाते हैं। जैसे देवी देवता आदि की तस्वीरें। वैसी तस्वीरों को एक चित्रकार अपनी कल्पना के सहारे जैसा चाहे वैसा बना सकता है। उन पर लोग आपत्ति नहीं करते। वे जनता की दृष्टि में अप्रत्यक्ष हैं। चित्रकार उन्हें जिन रूपों में प्रस्तुत करता है लोग स्वीकार कर लेते हैं। वे उनमें कोई कमी नहीं निकालते। राजा को अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया। वह चित्रकला की बारीकी को समझ गया।



तीखी नजर

## रामराज वाया भड़ास कैफे



अरुण अर्णव खरे

**कु**छ दिन पहले इंदौर में एक भड़ास कैफे का शुभारम्भ हुआ था। उस समय जिसने भी ये समाचार पढ़ा वह चौंक गया और थोड़ा-बहुत अपने स्वभावानुसार परेशान भी हुआ, पर कैफे था कि रातोंरात हिट हो गया। कैफे की कीर्ति दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से चारों दिशाओं में फैलती चली गई। छोटी-मोटी भड़ास के लिए कप-प्लेट मटके वगैरा, मीडियम श्रेणी की भड़ास के लिए डिनर सेट, टाइप राइटर, ब्लैक एंड व्हाइट टीवी सेट आदि, प्रथम श्रेणी की भड़ास के लिए सोफासेट, कंप्यूटर, मोबाइल और एग्जीक्यूटिव भड़ास के लिए फ्रिज, वाशिंग मशीन और प्ले स्टेशन जैसे सामान उपलब्ध थे। प्रतिदिन बॉस, सहकर्मियों, पड़ोसियों और अपने जीवनसाथियों तक के प्रति वर्षों से दिल में क्रोध और घृणा लिए घूमने वाले, मुखर होकर भारी संख्या में इस केंद्र में भड़ास निकालने पहुंच रहे हैं।

कुछ लोगों को इस केंद्र से परेशानी भी है। अहिंसा परमो धर्मः वाले हमारे इस संस्कारवान देश में उन्हें ये कैफे तालिबानी संस्कृति का मिनिएचर संस्करण लग रहा है। उनका डर अपनी जगह सही भी है। जो एक बार इस कैफे में जाकर भड़ास निकाल कर आ रहा है उसकी धाक बिना जमाए ही जमी जा रही है। अंसतुष्ट लोग भड़ास केंद्र की अवधारणा को हजम नहीं कर पा रहे हैं। इसका उत्तर तलाशते हुए एक सज्जन, बाबा से नेता बने शंभुनाथ जी के पास जा पहुंचे 'बाबा जी, ये क्या हो रहा है राज्य में, सरकार आनंद मंत्रालय बना रही है और लोग भड़ास कैफे खोल रहे हैं?'

शंभुनाथ जी बोले-'हमने रामराज लाने का जनता से वादा किया था, यह उस दिशा में हमारे द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।'

उन सज्जन ने शंभुनाथ जी की ओर घनघोर नासमझ वाली दृष्टि से देखा-'बाबा जी, रामराज और भड़ास का आपस में क्या सम्बन्ध?'

'तुमने रामायण पढ़ी है?'

'हां बाबाजी, सुंदरकांड तो हमें कंठस्थ भी है।'

'तो तुमने कोप-भवन के बारे में भी पढ़ा होगा'

'जी बाबा जी, वो वर मांगने वाले प्रसंग में उसका उल्लेख है।'

'ये भड़ास कैफे भी त्रेता युग वाले कोप-भवन का कलयुगी मॉडल है। उस युग में कैकई को वर मांगने के लिए कोप-भवन में जाना पड़ा था पर इस युग में टू बीएचके फ्लैट में अपनी जिंदगी गुजारने वाले लोग अपने घर में कोप भवन एफोर्ड नहीं कर सकते इसलिए भड़ास कैफे का कन्सेप्ट लाया गया। ये प्रयोग बहुत सफल रहा है, इसमें जाने वाले को बिन मांगे ही इच्छित फल की प्राप्ति हो रही है। रामराज की दिशा में ये भड़ास कैफे मील का पत्थर सिद्ध होगा।'

बाबा जी की बातें सुन कर वह सज्जन गहन चिंतन की मुद्रा में पहुंच गए-बहुत तार्किक और यथार्थपूर्ण बात कही है बाबा जी ने। बिना कोप-भवन के तो रामराज उस युग में भी कहां संभव हो पाया था? इस युग में भी रामराज लाने के लिए एक अद्द कोपभवन तो चाहिए ही। जय हो बाबा जी।

नजरिया

# झूठ की बुनियाद पर टिका सदस्यता अभियान



निर्मल रानी

**भा**रतीय जनता पार्टी द्वारा आजकल राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ साहित भाजपा के अनेक बड़े नेता पार्टी के सदस्य अथवा सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। परन्तु एक बार फिर भाजपा का यह सदस्ता अभियान विवादों में पड़ गया है। भाजपा इस सदस्ता अभियान के माध्यम से यह साबित करना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी ही विश्व का सबसे बड़ा व सबसे अधिक सदस्यों वाला राजनैतिक दल है। और इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा झूठ व अनैतिकता की सभी हदों को पार किया जा रहा है। आश्चर्य है कि हाल में हुए लोकसभा चुनावों में 63 लोकसभा सीटें गंवाने के बावजूद अभी भी भाजपा न जाने किस आधार पर अपने सदस्यों की संख्या में इजाफा करना चाह रही है?

दरअसल कई राज्यों में भाजपा, सदस्यता अभियान में निर्धारित अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिए उसके नेता व कार्यकर्त्ता साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह से सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी करना चाह रहे हैं। मिसाल के तौर पर गुजरात में 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया था। गुजरात भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत पिछली बार से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए खास योजना बनाई है। सरपंच से लेकर सांसद तक सभी 100-100 प्राथमिक सदस्य बनाएंगे। परन्तु इस लक्ष्य तक पहुंचना संभव नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार भावनगर में स्थानीय नेता 100 सदस्य जोड़ने के लिए 500 रुपये भी ऑफर कर रहे हैं, क्योंकि निर्धारित तिथि 15 अक्टूबर तक 2 करोड़ का लक्ष्य पूरा करने के लिये प्रतिदिन 8 लाख से अधिक सदस्य बनने जरूरी थे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपाई जिस स्तर तक गए हैं, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। गुजरात में कई शहरों में स्कूली बच्चों तक को सदस्यता दिला दी गई। अनेक लोगों को तो उनका केवल फोन नंबर लेकर ही बिना बताए उन्हें भाजपा का सदस्य बना दिया गया। यह रहस्य तब उजागर हुए जब अपनी सदस्यता से अनजान कई छात्रों व आम लोगों के मोबाइल पर भाजपा का सदस्य बनने से सम्बंधित 'बधाई संदेश' आने लगे।

**कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी, सदस्यता अभियान में निर्धारित अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिए उसके नेता व कार्यकर्त्ता साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह से सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी करना चाह रहे हैं।**

गुजरात में न केवल स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों तक को सदस्य बनाया गया बल्कि अस्पताल के मरीजों, नर्मदा में ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यकर्ता और भावनगर में 100 नए सदस्यों को नामांकित करने के लिए स्थानीय पार्टी नेताओं द्वारा 500 रुपये देने की योजना तक शामिल थी। खबरों के अनुसार जब एक महिला अपने पति के साथ रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए विसनगर के एक जन स्वास्थ्य केंद्र गई तभी एक कर्मचारी ने उनका मोबाइल नंबर पूछा और फिर मोबाइल पर आया ओटीपी मांगा। जैसे ही उन्होंने ओटीपी शेयर किया उसी समय मरीज को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनने के लिए बधाई संदेश मिला। हालांकि मरीज महिला के पति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उन्हें चुपके से भाजपा सदस्य बनाने पर आपत्ति जताई।




इसी तरह गुजरात में ही राजकोट के जूनागढ़ के रणछोड़ दास ट्रस्ट अस्पताल का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजकोट के इस अस्पताल में आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए 250 मरीजों को रात में नींद से उठाकर बीजेपी का सदस्य बना दिया गया। इसका खुलासा उस समय हुआ जबकि एक मरीज ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कमलेश भाई ठुम्मर अपनी आंखों का ऑपरेशन कराने इसी अस्पताल में गए थे। जहां उनके साथ 250 से ज्यादा और भी मरीज भर्ती थे। कमलेश के मुताबिक आधी रात को एक व्यक्ति आया और अचानक सभी मरीजों को नींद से उठाकर उनसे ओटीपी मांगने लगा। मुझसे (कमलेश भाई) भी ओटीपी पूछा। जब मैंने ओटीपी भेज दिया तो फोन में मैसेज आया कि 'बधाई हो,आप बीजेपी के सदस्य बन गए हैं'। जब कमलेश ठुम्मर ने मैसेज देखकर उस व्यक्ति से पूछा कि क्या आप बीजेपी का सदस्य बना रहे हो? तब उसने जवाब दिया कि -'इसके बिना उद्धार नहीं'। यदि किसी मरीज को ओटीपी नहीं पता चलता था, तो वह कर्मचारी स्वयं मरीज का फोन अपने हाथ में ले लेता और उसे भाजपा का सदस्य बना देता। इस कर्मचारी ने वार्ड के 200 से 250 मरीजों को बीजेपी का सदस्य बना दिया। कहना गलत नहीं होगा कि इस जबरन भाजपा सदस्य बनाने के इस अभियान में अस्पताल की भी मिली भगत जरूर रही होगी।

इसी तरह मध्य प्रदेश में भी जोर जबरदस्ती से सदस्यता अभियान चलाये जाने की खबर है। यहां भी युवाओं को सदस्यता अभियान से जुड़ने और नये सदस्य बनाने के लिए 3000 से लेकर 5000 रुपए तक के ऑफर दिए जाने की खबर है। भारतीय जनता पार्टी सरकरी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हितग्राही लाड़ली बहनें,मुफ़्त राशन प्राप्त करने वालों,सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों आदि सभी को जबरन या धोखे से पार्टी सदस्य बनाने पर तुली हुई है। हद तो यही है कि भाजपा अब आधी रात में सोते हुये मरीजों को भी चैन की नींद नहीं सोने दे रही है। यानी इलाज और ऑपरेशन बाद में भी होता रहेगा, आराम भी बाद में कर लेना, पहले अपने मोबाइल पर आया ओटीपी दे दीजिए। देश भर से मिलने वाली इस तरह की और भी खबरें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भाजपा का सदस्यता अभियान दरअसल झूठ की बुनियाद पर टिका हुआ है।

CMYK

# ‘सुंदर’ गेंदबाजी ने न्यूजीलैंड को 259 पर समेटा

## वॉशिंगटन सुंदर ने झटके सात विकेट, भारत ने पहली पारी में एक विकेट पर बनाए 16 रन, अभी भी 243 रन पीछे




● पुणे, वार्ता

**वॉशिंगटन** सुंदर (सात विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 259 के स्कोर पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बना लिये हैं।

दिन खेल समाप्त होने के समय भारत ने 11 ओवर में कप्तान रोहित शर्मा(00) का विकेट गवां कर 16 रन बना लिए है। स्टंप के समय यशस्वी जायसवाल (6) और शुभमन गिल (10) रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत पहली पारी में अभी न्यूजीलैंड से 243 रन पीछे हैं। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने एक विकेट लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को पहला झटका आठवें ओवर में कप्तान टॉम लेथम का विकेट गवांकर लगा। एक समय 76 के स्कोर न्यूजीलैंड ने अपने दो विकेट गवां दिए थे। आठवें ओवर में रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद उन्होंने 24वें ओवर में विल यंग (18) को अपना शिकार बनाया। डेवन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने भोजनकाल के बाद धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए स्कोर में 50 रन और जोड़े। 44वें ओवर में आर अश्विन ने डेवन कॉन्वे को (76) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने रचिन रवींद्र (65) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। उस समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 197 रन था। उसके बाद टॉम ब्लंडल (03) को भी वॉशिंगटन ने आउट किया। जमने का प्रयास कर रहे डैरिल मिचेल (18) रन को वॉशिंगटन ने आउट किया। इसके बाद तो वॉशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को टिकन नहीं दिया। ग्लेन फिलिप्स (09), मिचेल सैंटनर (33), टिम साउदी (05), एजाज पटेल (04) का सुंदर ने शिकार किया। न्यूजीलैंड के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 79.1 ओवर में 259 के स्कोर पर सिमट गई। भारत की ओर वॉशिंगटन सुंदर ने 23.1 ओवर में 59 रन देकर सात विकेट लिए। यह सुंदर के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं आर अश्विन ने 64 रन देकर तीन विकेट झटके।




### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लेथम पगबाधा बो अश्विन | 15 | 22 | 2 | 0 |
| डेवन कॉन्वे का पंत बो अश्विन | 76 | 141 | 11 | 0 |
| विल यंग का पंत बोल्ड अश्विन | 18 | 45 | 2 | 0 |
| रचिन रविंद्र बोल्ड सुंदर | 65 | 105 | 5 | 1 |
| डैरिल मिचेल पगबाधा बो सुंदर | 18 | 54 | 0 | 0 |
| टॉम ब्लंडल बोल्ड सुंदर | 03 | 12 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का अश्विन बो सुंदर | 09 | 31 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर बो सुंदर | 33 | 51 | 3 | 2 |
| टिम साउदी बो सुंदर | 05 | 8 | 1 | 0 |
| एजाज पटेल बो सुंदर | 04 | 9 | 1 | 0 |
| विलियम ओरूर्क नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन

कुलः 79.1 ओवर में 259 रन पर ऑलआउट

विकेट पतनः 1-32, 2-76, 3-138, 4-197, 5-201, 6-204, 7-236, 8-242, 9-252, 10-259

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 8 | 2 | 32 | 0 |
| आकाश दीप | 6 | 0 | 41 | 0 |
| रवि अश्विन | 24 | 2 | 64 | 3 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 23.1 | 4 | 59 | 7 |
| रवींद्र जडेजा | 18 | 0 | 53 | 0 |

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 06 | 25 | 1 | 0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 00 | 9 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 10 | 32 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 00 रन

कुल : 11 ओवर में एक विकेट पर 16 रन

विकेट पतनः 1-1

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| टिम साउदी | 3 | 1 | 4 | 1 |
| विलियम ओरूर्क | 3 | 2 | 5 | 0 |
| एजाज पटेल | 3 | 1 | 5 | 0 |
| मिचेल सैंटनर | 2 | 0 | 2 | 0 |

## दिल्ली ने गढ़वाल को हराया

**नई दिल्ली** : पिछली बार की चैंपियन गढ़वाल हीरोज को गुरुवार यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए तीसरी प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में दिल्ली एफसी के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं एक अन्य मुकाबले में वायुसेना ने सुदेवा एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोका। मध्यांतर तक गोल शून्य बराबरी के बाद दिल्ली एफसी ने दूसरे हॉफ में खेल पर पूरी तरह नियंत्रण बनाते हुए 3-1 से मैच जीत लिया। पिछले चार सालों में गढ़वाल हीरोज एफसी की डीएफसी के हाथों यह पहली हार है। विजेता टीम ने खेल के हर क्षेत्र में गढ़वाल को न सिर्फ अदना साबित किया, बेहतरीन गोल भी जमाए। विजेता के लिए जी गयारी, सजल बाग और आकाश तिर्की ने गोल किए। पराजित गढ़वाल का इकलौता गोल मिलिंद नेगी ने अंतिम मिनट में पेनल्टी पर बनाया। वहीं दिन के पहले मुकाबले में भारतीय वायुसेना ने सुदेवा एफसी को पिछड़ने के बाद 2-2 से ड्रॉ पर रोका। वायुसेना ने हमेशा की तरह एक बार फिर मध्यांतर के बाद अपने आक्रामक तेवर दिखाए और सुदेवा एफसी को 2-2 से बराबरी पर रोका।

## अश्विन ने नाथन लायन को पीछे छोड़ा

**पुणे** : भारतीय स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 3 विकेट लिए। वे दुनिया के सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले एक्टिव प्लेयर बन गए हैं। उनके नाम अब टेस्ट में 531 विकेट दर्ज हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन को पीछे छोड़ा। वहीं टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उनके नाम 800 विकेट हैं। रविचंद्रन अश्विन पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने पहली पारी में 3 विकेट लिए । इन तीन विकेट के साथ उन्होंने 2019 से 2024 तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट हैं। वॉशिंगटन सुंदर एक टेस्ट की एक पारी में 5 बैटर्स को बोल्ड करने वाले 5वें भारतीय बॉलर बने। उन्होंने पुणे टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड किया।

## भारतीय महिला टीम ने जीता पहला वनडे

**अहमदाबाद** : भारतीय महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में 59 रन से हरा दिया। गुरुवार को हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में स्मृति मंधाना ने भारतीय टीम की कप्तानी की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उन्होंने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। भारतीय टीम 44.3 ओवर में 227 रन पर ऑलआउट हो गई। 228 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम 40.4 ओवर में 168 रन पर सिमट गई। भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 बढ़त हासिल कर ली है। भारत के लिए दीप्ती शर्मा ने 41 रन बनाए और 1 विकेट लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दोनों टीमों का विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के बाद किसी फॉर्मेट का पहला मैच था। इसी महीने खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था। तेजल ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए भारत की तरफ से तेजल हसबनीस ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए।

## पाकिस्तान 73 पर तीन विकेट गवांकर बैकफुट पर

**रावलपिंडी** : पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच में पहली बार अलग तरह की गेंदबाजी शुरुआत करते हुए इंग्लैंड को 267 पर समेटने के बाद 73 रन पर तीन विकेट गवां कर बैकफुट पर है। इंग्लैंड को ऑलआउट करने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 10वें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (14) को आउट कर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद 13वें ओवर में जैक लीच ने सईम अयूब (19) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद कामरान गुलाम (तीन) को गस ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को 46 के स्कोर पर तीसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 73 रन बना लिये थे और शान मसूद (नाबाद 16) और साउद शकील (16) क्रीज पर मौजूद थे। पाकिस्तान पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड से 194 रन पीछे है। यहां इससे पहले साजिद खान (छह विकेट) और नोमान अली (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को पहली पारी को 267 के स्कोर पर समेट दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 56 रन जोड़े। पाकिस्तान ने इस दौरान पहली नया प्रयोग करते हुए स्पिनरों को शुरुआती गेंदबाजी का अवसर दिया। जिसे उन्होंने सही साबित किया। नोमान अली ने जैक क्रॉली (29) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद साजिद खान ने कहर ढहाते हुए इंग्लैंड के तीन बल्लेबाजों को सस्ते में निपटा दिया। ऑली पोप (तीन), जो रूट (पांच) और हैरी ब्रूक साजिद खान का शिकार बने। बेन डकेट (52) को नोमान अली ने आउट किया।

## खो-खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर आठ दिसंबर से

**नई दिल्ली** : अगले वर्ष जनवरी में होने वाले खो-खो विश्वकप से पहले भारतीय टीम के लिए एक महीने का फिटनेस और फीिल्डग प्रशिक्षण शिविर आठ दिसंबर को यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने यहां बताया कि इस शिविर जरिए खिलाडियों में टीम भावना भरने के साथ उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान दिया जायेगा। इस प्री सीजन शिविर में खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर, स्फूर्ति, नेतृत्व ,रणनीतिक सोच ,तथा खेल के मैदान में बेहतर प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ताकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया की खिलाडियों को दबाब से मुक्त रखने और कठिन परिस्थितियों में तनाव मुक्त तरीके से खेलने के लिए एक खेल मनोवैज्ञानिक की व्यवस्था की गई है। महिला और पुरुष प्रत्येक टीम के साठ-साठ खिलाडियों को विश्वकप की प्रतिस्पर्धा के विभिन्न पहलुओं के बारे में इस शिविर में गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन 60 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर के जरिए खो-खो विश्वकप के लिए महिला और पुरुष दोनों टीमों के 15-15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली, वार्ता** : भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को हॉकी से संन्यास ले लिया। यहां ध्यानचंद स्टेडियम में संवाददाता सम्मेलन में रानी ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि उनके हॉकी कारियर की यात्रा शानदार रही है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मेरा बचपन से बहुत गरीबी में रहा लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। उन्होंने वर्ष 2008 में 14 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पर्दापण किया था। जिसके साथ ही वह सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गईं थी। उन्होंने अपने करियर में देश के लिए 254 मैचों में 120 गोल किये। उनकी कप्तानी में भारत ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथा स्थान पर रही थी रानी रामपाल को वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और इसके बाद देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया था। रानी की यात्रा हरियाणा के एक गांव शाहबाद से शुरू हुई, जहां उनके पिता गाड़ी खींचने का काम करते थे। वह भारत के लिए सबसे कम उम्र में विश्वकप खेलने वाली खिलाड़ी थी।

## भारत ने जीता मैच, पेनल्टी शूट में जर्मनी को मिली ट्रॉफी

### हॉकी के दूसरे मैच में भारत ने जर्मनी को 5-3 से हराया




**नई दिल्ली, वार्ता** : भारत ने गुरुवार जर्मनी को हॉकी के दूसरे मैच में 5-3 से हरा कर पहले मैच को बदला ले लिया। जीत के बावजूद भारतीय को उस समय मायूसी हाथ लगी जब सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।

यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम ने पहले मैच में जर्मनी से 2-0 से हार के बावजूद नई स्फूर्ति के साथ मैदान में उतरी। पहले क्वार्टर में मैच का पहला गोल जर्मनी की ओर से उस समय आया जब माजकोर ने भारतीय रक्षा पंक्ति का भेदने के बाद गोलकीपर को छकाते हुए गोल दाग दिया और अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। उसके बाद दोनों टीमें दूसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर पाई, लेकिन तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी करते हुए 34वें मिनट में अपना पहला गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। गोल से भारतीय टीम का हौंसला बढ़ा और उसे 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में तब्दील करते हुए टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कप्तान के गोल से अगले मिनट ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत सिंह ने फिर से गोल दागते हुए टीम को 3-1 से बढ़त दिलाई। तीसरे क्वार्टर के आखरी मिनट में अभिषेक ने फील्ड गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी और 45 मिनट के खेल के बाद भारतीय टीम 4-1 की बढ़त बना चुकी थी। चौथे क्वार्टर के शुरूआत में तीन मिनट बाद ही सुखजीत ने अपने दम पर जर्मनी के गोलकीपर को पूरी तरह से चकमा देते हुए गोल कर दिया और भारतीय टीम की बढ़त 5-1 हो थी लेकिन जर्मनी की टीम ने आखिरी 10 मिनट के अपने दमदार खेल का परिचय देते हुए दो गोल दाग दिए लेकिन भारतीय टीम की बढ़त को बराकर करने में पूरी तरह नाकाम रही और भारतीय टीम ने 5-3 से मैच जीत लिया। भारत के लिए सुखजीत सिंह (34वें और 48वें मिनट में), हरमनप्रीत सिंह (42वें और 43वें मिनट में) और अभिषेक (45वें मिनट में) ने गोल किए।

# कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहलवानों ने दिखाया दम

## विवि में चल रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-19 में विभिन्न भारवर्गों के हुए मुकाबले

मेरठ

**जिले** में पहली बार आयोजित हो रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-19 बालक-बालिका में प्रतिभाग कर रहे पहलवानों ने दूसरे दिन विभिन्न भारवर्गों में जीत के साथ पदक अर्जित किये। इस दौरान पहले दिनों के मुकाबलों में विजयी पहलवानों को मुख्य अतिथि ने मेडल देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि अश्विनी त्यागी सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश तथा विशेष स्थिति और राजेंद्र शर्मा पूर्व विधायक अर्जुनवाड़ी, सुनील राणा तथा पुलिस के कोच जितेंद्र राणा का संयुक्त शिक्षा निदेशक ओंकार शुक्ल, उप शिक्षा निदेशक ज्योति प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, लेखाधिकारी रामजी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पारुल वर्मा, कृष्ण कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. मेघराज सिंह ने स्वागत व सम्मान किया। पहले दिन के बालक-बालिका वर्ग के विजेताओं को मेडल प्रदान किये गये। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग में 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में दिल्ली के सागर दलजीत ने पंजाब के राहुल कुमार को 11 अंकों से तकनीकी सुपीरिटी के आधार पर हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, पंजाब के राहुल कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया। जबकि महाराष्ट्र के तनिष्क कदम ने तकनीकी आधार पर 16-5 से जीत हासिल पर कांस्य पदक प्राप्त किया तथा राजस्थान के अनिरुद्ध सिंह ने 8-5 की बढ़त बनाकर अंकों के आधार पर रजत पदक प्राप्त किया। 74 किलोग्राम कैटेगिरी में दिल्ली के सचिन दलाल ने तकनीकी सिक्योरिटी के आधार पर हराकर कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा मध्य प्रदेश के किशन यादव ने रजत पदक प्राप्त किया। किसी प्रकार अंकों के आधार पर हिमाचल प्रदेश के यदि बिंदर सिंह ने कांस्य पदक तथा महाराष्ट्र के जय बांद्रावाल ने रजत पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 55 किलोग्राम में दिल्ली की ईशा सोलंकी ने 10 अंक की बढ़त से स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा मध्य प्रदेश की मिहिका सोनकर ने रजत पदक प्राप्त किया। हरियाणा की खुशी व राजस्थान की सुहानी ने अंकों के आधार पर कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग 59 किलोग्राम भार में हरियाणा की नेहा ने तकनीकी सुपिरिटी के आधार पर झारखंड की सिमरन को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा झारखंड की सिमरन ने रजत पदक प्राप्त किया। अंकों के आधार पर महाराष्ट्र की स्नेहल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

बिहार की जुगनू ने तकनीकी आधार पर कांस्य पदक प्राप्त किया। आज के कार्यक्रम में एसजीएफआई के ऑब्जर्वर समीर देव वार्मा, कोच जबर सिंह सोम, तकनीकी निदेशक राम आशीष महा खेल टीम से पवन बेंद्रे एवं दिनेश तकनीकी ऑफिशियल राम सज्जन यादव, यशवंत सिंह, जितेंद्र सिंह ऋषि सहवात सिंह निखिल अहलावत गोविंद यादव आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. पवित्र चौधरी, डीएन यादव ने संयुक्त रूप से किया तथा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए डॉ. नारायण शरण, सुषमा यादव, डॉ. नीरा तोमर, डॉ. गौरव पाठक, प्रशांत चौधरी, निर्विकार आनंद, संजय शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक(बिहार)